इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

VINIRMIT ASSOCIATES & CONSTRUCTION
WE BUILD TRUST
OUR SERVICES
- BUILDING PLANNING, 2D & 3D DESIGNING
- CONSTRUCTION & SUPERVISION WORK.
- BUILDING PERMISSION & DIVERSION.
- CIVIL CONSULTANT & FINANCE ADVISOR & PROVIDER.
- TOWN & COUNTRY PLANNING & LAY OUT WORK.

Er. SAGAR HARIHARNO
B.E.(Civil), Town Planner
O 81036-51143

Er. SAHIL HARIHARNO
B.E.(Civil) M.Tech (Structure)
O 97709-50370

OFFICE ADD. : SHRISHTI COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)

वर्ष- 43 अंक -320 राजनांदगांव, गुरूवार 10 अक्टूबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

दिल्ली में सीएम आवास सील : मुख्यमंत्री आतिशी का सामान बाहर निकाला, सीएम हाउस से जवाब.. नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी के आवास से जुडी बड़ी खबर है। पीडब्ल्यूडी ने बुधवारों दोपहर 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास को सील कर दिया है। मुख्यमंत्री सचिवालय की तरफ से इसे एलजी की तरफ से जबरन की गई कार्रवाई करार दिया है। साथ ही आरोप लगाया है कि यही नहीं दिल्ली सीएम आफिस ने आशंका कि इस आवास को भाजपा के किसी बड़े नेता को दिया जा सकता है।

दो अधिकारियों को नोटिस जारी

सीएमओ की ओर से कहा गया है कि भाजपा के इशारे पर एलजी ने जबरन सीएम आतिशी का सामान सीएम आवास से निकाला है। एलजी की तरफ से भाजपा के किसी बड़े नेता को सीएम आवास आवंटित करने की तैयारी चल रही है। 27 साल से दिल्ली में वनवास काट रही भाजपा अब सीएम आवास कब्जा करना चाहती है। पीडब्ल्यूडी के दो सेक्शन ऑफिसर को भी कारण बताव नोटिस जारी किया गए है।

भाजपा का आरोप

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना कि इस आवास का नक्शा पास नहीं हुआ था। कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं था। सचदेवा का यह भी आरोप है कि अरविंद केजरीवाल पिछले दरवाजे से मुख्यमंत्री आतिशी को आवास सौंपना चाहते थे। भाजपा इस पर लगातार सवाल उठाती रही है। उधर इस मामले में पीडब्ल्यूडी अधिकारी बताते है कि आवास अभी किसी को भी आवंटित नहीं हुआ है। इसलिए पीडब्ल्यूडी ने इसे अपने कब्जे में ले लिया है।

आतिशी को सीएम आवास आवंटित नहीं हुआ - एलजी हाउस

दिल्ली के राजनिवास के सूत्रों ने बताया कि शीश महल सीएम आवास नहीं है। इस घर का मालिक, अन्य सभी मुख्यमंत्रियों के आवास की तरह पीडब्ल्यूडी है। पीडब्ल्यूडी ही घर खाली होने पर उसका कब्जा लेता है। उसकी इनवेंटरी बनता है और फिर उसको विधिवत आवंटित करता है। लेकिन पूर्व सीएम केजरीवाल ने घर खाली करने का नाटक किया तो क्या पीडब्ल्यूडी को घर का कब्जा नहीं दिया। क्या छुपा रहे थे? ये घर सीएम आतिशी को अब तक आवंटित नहीं हुआ है। उनका आवंटित आवास अभी भी 17 एबी मथुरा रोड है। दो घर कैसे आवंटित हो गए? सीएम आतिशी ने बिना आवंटित के स्वयं अपना सामान उस घर में रखा और फिर खुद ही वहां से हटाया। आम आदमी पार्टी चिंता ना करे, यह बंगला विधिवत इंवेंट्री तैयार कर लेने के बाद तत्काल मुख्यमंत्री को आवंटित कर दिया जाएगा।

सीएम आवास में शिफ्ट हो गई थीं आतिशी

इससे पहले सात अक्तूबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार को सिविल लाइंस स्थिति फ्लैग स्टाफ रोड पर बंगला नंबर छह में शिफ्ट हो गई थीं। मुख्यमंत्री आवास पर आने के बाद सोमवार को उन्होंने स्थानीय कर्मचारियों के साथ बैठक भी की थी। साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा की। अब उनका सामान बाहर निकाल दिया गया है।

सुनीता केजरीवाल ने आवास की चाबियां अधिकारी को थी सौंपी

बीती चार अक्तूबर को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को लुटियंस जोन में स्थित अपने नए पते पर जाने के लिए पुराना आवास छोड़कर चले गए थे। केजरीवाल परिवार समेत मंडी हाउस के पास 5, फिरोजशाह रोड स्थित पार्टी के सदस्य अशोक मित्तल के आधिकारिक आवास पर हैं। इससे पहले केजरीवाल परिवार को उनके पुराने घर के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई, पूर्व सीएम ने भावपूर्ण तरीके से उन्हें गले लगाया। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आवास की चाबियां एक अधिकारी को सौंपी।

व्यापार और उद्योग संगठन के 119वें वार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित करेंगे शाह

नई दिल्ली । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां व्यापार और उद्योग संगठन पी एच डी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस वार्षिक सत्र का मुख्य विषय' विकसित भारत 2047- उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर' है।

प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और पूरा देश समर्पण और निष्ठा के साथ उस दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है। भारत आज विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अधिवेशन में उद्योग जगत के लगभग 1500 व्यवसायी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, बैंकर्स और अधिवक्ता आदि भाग लेंगे।

निजी लाभ के लिए मतदाताओं को गुमराह कर रही कांग्रेस- मोदी

मुंबई । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विपक्षी कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए उस पर विभाजनकारी राजनीति करने और निजी लाभ के लिए मतदाताओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। श्री मोदी महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सभा को संबोधित कर रह थे। उन्होंने विपक्ष द्वारा देश में मुसलमानों के बीच डर पैदा करने और उन्हें वोट बैंक में बदलने के कथित प्रयासों की ओर इशारा किया तथा राजनीतिक लाभ के लिए भारत में हिंदू समाज को तोड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ भी चेतावनी दी।

उन्होंने मंगलवार को घोषित हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर विश्वास व्यक्त किया कि महाराष्ट्र के लोग समाज को तोड़ने के ऐसे प्रयासों को खारिज कर देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मतदाताओं ने देश के लोगों के मूड को स्पष्ट रूप से प्रकट किया है और दो कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार हरियाणा में जीत 'ऐतिहासिक' है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को

10 नये मेडिकल कॉलेज और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सौगात दी जा रही है, जिसमें नागपुर हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण और विस्तार तथा शिरडी हवाई अड्डे के लिए नये टर्मिनल भवन का निर्माण शामिल है। उन्होंने जोर दिया कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने राष्ट्र के विकास के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा बनाने का महायज्ञ शुरू किया है। उन्होंने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए राज्य में 10 नए मेडिकल कॉलेजों के उद्घाटन का जिक्र करते हुए कहा, आज हम सिर्फ इमारतें नहीं बना रहे हैं, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध महाराष्ट्र की नींव रख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ठाणे, अंबरनाथ, मुंबई, नासिक, जालना, बुलढाणा, हिंगोली, वाशिम, अमरावती, भंडारा और गढ़चिरौली जिले लाखों लोगों की सेवा के केंद्र बनेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 10 नये मेडिकल कॉलेज महाराष्ट्र में 900 मेडिकल सीटें और जोड़ेंगे, जिससे राज्य में मेडिकल सीटों की कुल संख्या लगभग 6,000 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर, ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जैसे दिग्गजों के आशीर्वाद से महाराष्ट्र में प्रगति के कार्य चल रहे हैं। हाल ही में मराठी को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिए जाने को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब किसी भाषा को उसका उचित सम्मान मिलता है, तो केवल शब्दों को ही नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को आवाज मिलती है। इससे करोड़ों मराठी भाइयों का सपना पूरा हुआ है।

करीब 30,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए मुंबई और ठाणे की अपनी हालिया यात्रा को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, हवाई अड्डों का उन्नयन, राजमार्ग परियोजनाएं, बुनियादी ढांचा, सौर ऊर्जा और टेक्सटाइल पार्क जैसी हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं पहले ही (शेष पृष्ठ 6 पर...)

गरीबों को मिलने वाले 'मुफ्त राशन' पर मोदी कैबिनेट ने लिया अहम फैसला

नई दिल्ली। मोदी सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में आज बुधवार 9 अक्टूबर को कई अहम फैसले लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने साल 2028 दिसंबर तक देश के गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना को बढ़ा दिया है। मतलब अब 2028 दिसंबर तक गरीबों को मुफ्त में राशन मिलता रहेगा।

इसके अलावा कैबिनेट में गुजरात के लोथल में एक राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर विकसित करने की मंजूरी दी गई है। इस प्रस्ताव का मकसद समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना और दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री विरासत परिसर बनाना है। सीमावर्ती राज्य पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में 4,406 करोड़ रुपये के निवेश से

2,280 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों की आजीविका को बढ़ाना है उनके जीनव स्तर में सुधार लाना है।

केंद्र सरकार उठाएगी खर्च

मोदी सरकार ने बुधवार को कई योजनाओं को हरी झंडी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई 2024 से दिसंबर 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने पर मुहर लगा दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस पहल का मकसद विकास और पोषण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इसका योजना में आने वाले 17,082 करोड़ रुपये के खर्च को केंद्र सरकार उठाएगी।

सड़क प्रोजेक्ट को मंजूरी

मोदी मंत्रिमंडल ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में सड़क परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन क्षेत्रों में 2,280 किमी सड़कों का निर्माण कराने का सरकार ने फैसला लिया है। इस काम में सरकार के कुल 4,406 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

गुजरात में बनेगा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर

मोदी सरकार ने मुफ्त राशन योजना को बढ़ाने और सीमावर्ती राज्यों में सड़क निर्माण के साथ ही गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) के विकास को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट को 2 चरणों में पूरा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना और दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री विरासत परिसर बनाना है।

जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने अपना कर्तव्य निभाया, अब हमारी जिम्मेदारी शुरू- उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के संभावित मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रदेश में पिछले आठ से 10 वर्षों में लोकतंत्र के लिए चुनौतियों के बावजूद चुनाव में भाग लेने के लिए मतदाताओं को बुधवार को धन्यवाद दिया और कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी शुरू होती है।

श्री अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, पिछले आठ से 10 सालों से जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को पनपने नहीं दिया गया है। उन्होंने सोच-समझकर और समझदारी से वोट देने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष ने कहा कि एनसी ने अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ चुनाव में बहुमत हासिल किया है। पार्टी के आने वाले दिनों में औपचारिक रूप से अपना नेता चुनने के लिए अपने निर्वाचित सदस्यों की बैठक बुलाने की संभावना है। उन्होंने बडगाम और गांदरबल दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से जीत हासिल की है, जिससे उनके अगले मुख्यमंत्री बनने का अनुमान लगाया जा रहा है।

चुनाव आयोग ने खरगे को लिखा पत्र, हरियाणा के नतीजों पर कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर जताई आपत्ति

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को कांग्रेस पार्टी की तरफ से अस्वीकार्य और अप्रत्याशित बताए जाने पर चुनाव आयोग ने अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पत्र लिखा है। आयोग ने चुनावी नतीजों पर पार्टी अध्यक्ष के बयान पर आपत्ति जताई है।

चुनाव आयोग के पत्र में लिखा गया है कि आयोग ने आपके और विपक्ष के नेता के बयानों पर गौर किया है, जिसमें हरियाणा के नतीजों को अप्रत्याशित बताया गया है और कांग्रेस इसका विश्लेषण करने और अपनी शिकायतों/ शिकायतों के साथ चुनाव आयोग से संपर्क करने का प्रस्ताव रखती है। इस उचित धारणा पर आगे बढ़ते हुए कि पार्टी अध्यक्ष का बयान चुनावी नतीजों पर पार्टी की औपचारिक स्थिति है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने आज शाम 6 बजे कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिलने पर सहमति भी जताई है।

कांग्रेस का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर ऐसा बयान अनुचित- चुनाव आयोग

इसके साथ चुनाव आयोग ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के हरियाणा के नतीजे अस्वीकार्य वाले बयान को देश की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत में अनसुना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के वैध हिस्से से बहुत दूर करार दिया।

बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि पार्टी नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा की ऐसी टिप्पणियां वैधानिक और नियामक चुनावी ढांचे के अनुसार व्यक्त की गई लोगों की इच्छा को अलोकतांत्रिक तरीके से खारिज करने की ओर ले जाती हैं।

चुनाव आयोग से मिलेगा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

चुनाव आयोग ने कहा कि उसने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के बयानों पर भी गौर किया है, जिसमें हरियाणा के नतीजों को अप्रत्याशित बताया गया है और पार्टी इसका विश्लेषण करने और अपनी शिकायतों के साथ चुनाव आयोग से संपर्क करने का प्रस्ताव रखती है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नहीं रहे रतन टाटा, 86 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली। देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है. भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का निधन बुधवार की शाम को हो गया. उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली. रतन टाटा 86 साल के थे. पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी. दरअसल, बुधवार की शाम में उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने की खबर आई थी. जिसके कुछ घंटे बाद ही खबर आई कि उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है. रतन टाटा का जाना देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है. हालांकि उन्हें देश कभी भूल नहीं पाएगा. उन्होंने देश के एक से बढ़कर एक काम किए.

टाटा ग्रुप को ऊंचाईयों पर पहुंचाने में रतन टाटा की सबसे बड़ी भूमिका रही. इन्होंने देश और आम लोगों के लिए कई ऐसे काम किए, जिसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा. रतन टाटा एक दरियादिली इंसान थे और मुसीबत में देश के लिए हमेशा तैयार रहते थे.

दो दिन पहले ही कहा था- मैं बिल्कुल ठीक हूं

इससे पहले सोमवार को भी रतन टाटा की तबीयत बिगड़ने की खबर आई थी, जिसके कुछ ही घंटों बाद खुद रतन टाटा के एक?स (ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया गया था. इस पोस्ट में लिखा था कि मेरे लिए चिंता करने के लिए सभी का धन्यवाद! मैं बिल्कुल ठीक हूं. चिंता की कोई बात नहीं, मैं बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों की रूटीन जांच के लिए अस्पताल आया हूं. लेकिन देश को ये दर्द रहेगा कि वो इस बार अस्पताल से लौट नहीं पाए, और हमेशा के लिए अंतिम यात्रा पर निकल पड़े.

28 दिसंबर को हुआ था जन्म

अरबपति कारोबारी और बेहद दरियादिल इंसान रतन टाटा 86 साल के थे, 28 दिसंबर 1937 को उनका जन्म हुआ था. वे साल 1991 से 2012 तक टाटा ग्रुप के चेयरमैन रहे और इस दौरान उन्होंने बिजनेस सेक्टर में कई कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश के सबसे पुराने कारोबारी घरानों में से एक टाटा समूह को बुलंदियों तक पहुंचाया.

हरियाणा में कांग्रेस की हार से आईएनडीआईए गठबंधन बैचेन! उद्धव का नया दांव, अखिलेश ने भी चली अपनी चाल

नई दिल्ली। हरियाणा में कांग्रेस की हैरान करने वाली हार को लेकर आईएनडीआईए गठबंधन में भी बेचैनी दिखाई देने लगी है। इस सियासी बेचैनी में विपक्षी खेमे के घटक दलों ने हरियाणा के नतीजों के बाद कांग्रेस पर दबाव बनाने का खुलकर दांव चल दिया है।

कांग्रेस के दोहरे मानदंड

तृणमूल कांग्रेस से लेकर शिवसेना यूबीटी और आम आदमी पार्टी से लेकर समाजवादी पार्टी तक सभी ने नतीजों के चौबीस घंटे के भीतर ही अपने-अपने तरीकों से तेवर दिखाते हुए कांग्रेस की राजनीतिक जमीन में अपनी अधिक हिस्सेदारी के लिए दबाव बनाने की कोशिश करने के इरादे जाहिर कर दिए। जहां, तृणमूल कांग्रेस ने गठबंधन पर कांग्रेस के दोहरे मानदंड को हार के लिए जिम्मेदार ठहराया। वहीं, शिवसेना यूबीटी ने गठबंधन के साथ कांग्रेस की चुनावी रणनीति पर सवाल उठाए।

अखिलेश ने भी चला अपना दांव

समाजवादी पार्टी ने मौके का फायदा उठाते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवारों की अपनी सूची बुधवार को जारी करते हुए उन दो सीटों पर भी नाम तय कर दिए, जिन पर कांग्रेस दावा कर रही थी। विपक्षी खेमे के सहयोगी दलों का यह रूख साफ तौर पर इस विमर्श को मजबूत करने का दांव माना जा रहा कि भाजपा से सीधे मुकाबले में कांग्रेस कमजोर पड़ जाती है।

सपा का भाजपा से मुकाबला

शिवसेना यूबीटी ने मंगलवार को ही नतीजे आने के तत्काल बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में हरियाणा में हार के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा दिया था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हरियाणा नतीजों पर कोई कड़वी बात कहने की बजाय दूसरे ही दिन उपचुनाव के लिए कांग्रेस के दावों वाली दो सीटों पर भी अपने उम्मीदवार का एलान कर यह संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश में भाजपा से मुकाबले के लिए सपा की ही केंद्रीय भूमिका है।

उद्धव ठाकरे की दावेदारी

इन तेवरों से साफ है कि हरियाणा के नतीजों से बदले सियासी हालात में कांग्रेस पर महाराष्ट्र और झारखंड में घटक दलों को गठबंधन में अधिक भागीदारी देने का दबाव डाला जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर
PATEL ELECTRICALS & SOLAR
हमारी सेवाएं
रेजिडेंशियल कमर्शियल होटल, हॉस्पिटल पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा राजनांदगांव 491441

न्यू सिविल लाइन में शारदेय नवरात्रि पर्व की रजत जयंती की धूम

कलेक्टर बी.के.एस. रे ने की थी इसकी शुरुआत



राजनांदगांव (दावा)। शहर के न्यू सिविल लाईन कालोनी में शारदीय में नवरात्रि पर्व की 25 वर्षगांठ पूरी श्रद्धा भक्ति व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बता दें कि न्यू सिविल लाईन दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्रि में मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जा रही है। समिति के कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव ने बताया कि न्यू सिविल लाईन में इस वर्ष नवरात्रि पर्व का रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में वर्ष 2000 से सक्रिय युवा कार्यकर्ताओं द्वारा इसकी फिर से शुरूआत की गई, तब से लगातार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समिति ने शहर में सर्वप्रथम सार्वजनिक रूप से सर्वप्रथम गरबा की शुरूआत की और मातारानी की महाआरती की भी शुरूआत समिति वालों द्वारा द्वारा की गई।

सिविल लाइन के दुर्गोत्सव में यहां के प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी सभी मिलकर नित्य प्रति पूजा-अर्चना और गरबा करते हैं। न्यू सिविल लाईन दुर्गा पूजा उत्सव समिति का कोई अध्यक्ष या उपाध्यक्ष नहीं है, यहां सभी सक्रिय कार्यकर्ता हैं।

उन्होंने बताया कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर पूर्व सदस्य पुणे, उज्जैन, रायपुर, बिलासपुर से आए हैं और यहां ठहरे हुए हैं वहीं नये आए सदस्य इससे जुडते रहते हैं। कॉलोनी से जाने के बाद भी वे हमेशा समिति का सदस्य बने रहते हैं। समिति के एक अन्य कार्यकर्ता जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन कालोनी के पंडाल में मां दुर्गा की आरती के पश्चात प्रतिदिन छोटे बच्चों से लेकर युवा, महिलाएं, पुरूष सभी पारिवारिक माहौल में भक्ति गीतों में गरबा करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग गतिविधियां जैसे बच्चों के लिए कुर्सी दौड़, भजन संध्या, फैंसी ड्रेस एवं डांस प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, ओपन माईक जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस आयोजन में कॉलोनीवासियों की सहभागिता रही।

नवरात्रि आयोजन की शुरुआत

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1976 न्यू सिविल लाईन में नवरात्रि पर्व की शुरूआत हुई थी। कालोनीवासियों की नवरात्रि पर्व मनाने की सक्रियता को देखते हुए तत्कालीन कलेक्टर बीकेएस रे के नेतृत्व में जिला प्रशासन से संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की एक समिति गठित कर नवरात्रि आयोजन की शुरूआत की गई जो शहर में बहुत प्रसिद्ध रही। उक्त के पश्चात सन् 2000 से न्यू सिविल लाईन के सक्रिय युवा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर पुनः नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर इसकी शुरूआत की, जो अनवरत चलते हुए इस वर्ष अपना रजत जयंती कार्यक्रम मना रहा है।

न्यू सिविल लाईन में नवरात्रि पर्व में मां दुर्गा की पंचमी के दिन समिति के सभी सदस्यों द्वारा महाआरती, अष्टमी में माता की ओली भरने, नवमी के दिन कन्या पूजन और महाभोग किया जाता है। इन सभी कार्यक्रमों में कालोनी के पूर्व और नये निवासियों की सहभागिता और पारिवारिकता पूर्ण वातावरण बना रहता है।

जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर हुई कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनजातीय समाज से आने वाले वीरों की गाथाओं को विद्यार्थियों तक पहुंचाया गया।

गौरतलब हो कि यह वर्ष रानी दुर्गावती जन्म जयंती के 500 वीं वर्षगांठ 5 अक्टूबर से बिरसा मुंडा के 150वीं जन्म जयंती 15 नंवबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिस तारतम्य में आज 9 अक्टूबर को राजनांदगांव के शासकीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में रखा गया। उक्त कार्यक्रम मुख्य वक्ता के रूप में डॉ शिवाजी लिमजे उपस्थित हुए, जिन्होंने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास एवं अंग्रेजो के षड्यंत्र के खिलाफ जनजाति समाज के आंदोलन विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस हेतु युवा वर्ग को सचेत होने की आवश्यकता है एवं अपने ऐतिहासिक महत्व को समझने की और जानने की जरूरत है।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता राजेश खांडेकर उपस्थिति रहे। उन्होंने बताया कि हमें अपने संस्कृत सामाजिक एवं धार्मिक इतिहास परंपरा एवं संस्कृति को जान कर उसके संरक्षण के लिए उसके संवर्धन के लिए कार्य करना नितांत आवश्यक है।

उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट रूप में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र राजनंदगांव के कार्यक्रम समन्वयक एन.एस. महिपाल, ए.के. ध्रुव एवं संस्था के प्राध्यापक सहित समस्त स्टाफ एवं संस्था के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

पहला कॉलम...

पदयात्रियों की सेवा में डोंगरगढ़ पुलिस, फलाहारी सामग्री का वितरण कर माता के भक्तों को पहुंचाई राहत

डोंगरगढ़ (दावा)। क्वांर नवरात्रि पर्व में लाखों में दर्शनार्थीगण डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। जिसमें हजारों दर्शनार्थी पैदल ही माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ आ रहे है। दिनांक 09 अक्टूबर को थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा सेवा भावपूर्ण से पदयात्रियों के लिये सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पैदल डोंगरगढ़ आ रहे दर्शनार्थीगणों को बिस्कीट, जूस, फल एवं पेयजल का वितरण कर पैदल यात्रियों की मदद जा रही है।

जिले के 90 स्त्रोतविहीन ग्रामों में नलकूप खनन की स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्त्रोत विहीन ग्रामों में नल कूप खनन के लिए सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मोहम्मद कैसर अब्दुलहक द्वारा स्वीकृति दी गयी। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी गांव की योजना स्वीकृत गयी थी और उन स्त्रोतों को आधार मानकर योजना बनाई गयी थी किन्तु वर्तमान में उनमे से कई स्त्रोत सूख गए है। कई जगह नल कूप खनन करने पर अधिक गहराई में ही पानी मिल पाता था एवं कई स्त्रोतों में पानी कम हो जाने के कारण भी लोगो को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा था। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में मांग रखी गई एवं यह निर्णय लिया गया था कि अधिक गहरे नल कूप का कार्य सिविल के माध्यम से कराया जाये, जिस हेतु उनके द्वारा सचिव जल जीवन मिशन हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक एवं मिशन संचालक जल जीवन मिशन डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे द्वारा बैठक कर विकासखंड राजनांदगाव के 5, डोंगरगाव के 31, डोंगरगढ़ के 30 एवं छुरिया के 24 ग्राम मिलाकर कुल 90 नलकूप खनन का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। अब ग्राम बांकल, केसला, पिटेहर, आलिवारा इत्यादि सहित 90 गांव में जल जीवन मिशन से नए स्त्रोत का निर्माण कर पर्याप्त लोगों को जल प्रदाय किया जाएगा।

आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों के लिए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 24 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 4 झोपड़ी क्षति होने पर 32 हजार रूपए, अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 96 कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, अतिवृष्टि से पक्का मकान आंशिक क्षति होने पर 6 हजार 500 रूपए तथा छुरिया तहसील में सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

आयुक्त ने ली निगम टी.एल. की बैठक, समय सीमा में कार्यो का क्रियान्वयन के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने आज नगर निगम सभागृह में टाईम लिमिट (समय सीमा) की बैठक लेकर अधिकारियों को कलेक्टर टी.एल. जनदर्शन, शासन की योजना के क्रियान्वयन के अलावा मूलभूत सुविधा के कार्यो की समीक्षाकर समय सीमा में कार्यो का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बुधवार को अपरान्ह 4:00 बजे टी.एल. की बैठक आयोजित की जायेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि कलेक्टर टी.एल. के अलावा अन्य योजना या शासन को जानकारी समय में नहीं पहुच पाती जिससे प्रकरण लंबित होने के साथ साथ निराकरण में देरी होती है। जिसे ध्यान में रखते हुये प्रति सप्ताह टाईम लिमिट की बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त बैठक में सभी विभाग प्रमुख व अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगे और प्रति सप्ताह के कार्यो व प्रकरणों की प्रगति से अवगत करायेगे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन व टी.एल. प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक के पत्रों के अलावा शासन के दिशा निर्देश का प्राथमिकता से क्रियान्वयन कर निराकरण करना है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे शासन की महात्वाकाक्षी योजना का प्राथमिकता से क्रियान्वयन करना है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने निर्माण कार्या के संबंध में कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्डो में चल रहे योजना या अन्य काम की प्रतिदिन मानिटरिंग करे एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण कराये। जिन कार्यो की निविदा हो चुकी है, उन कार्यो का कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करावे, निविदा जारी कार्य जो प्रांरभ नहीं हुये है कार्य प्रारंभ करने ठेकेदार को निर्देशित करे। लंबे समय से चल रहे अधुरे कार्य व अप्रारंभ कार्य के लिये ठेकेदार को नोटिस जारी करे। उन्होंने कहा कि योजना के अलावा सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर व पार्षद निधि के कार्यो में गति लाकर समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे, वार्डो में नाली व पी.सी.सी निर्माण कार्य के लिये पार्षदों से सम्पर्क कर स्थल चयन कर काम शुरू करावे। इसके अलावा नाला नाली निर्माण तथा सामुदायिक भवन निर्माण के कार्य में प्रगति लावे, मोहारा मेला स्थल, विकास कार्य में प्रगति लावे, जिन ठेकेदारों ने काम बंद कर दिये है, उनसे कडाई से कार्य प्रारंभ करावे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में आयुक्त ने कहा कि एएचपी के आवासों में आबंटन की प्रक्रिया करे तथा बीएलसी के तहत बनने वाले आवासों में जिन्होंने निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उसे निरस्त कर शासन को प्रेषित करे। इसके अलावा निर्माणाधीन आवास में तेजी लाकर कार्य जल्द पूर्ण करावे। उन्होंने त्यौहार को देखते हुये शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। साथ ही शहर में समुचित साफ सफाई के अलावा डोर टू डोर कचरा संग्रहण में घर में ही पृथक कर देने समझाईस देवे तथा सत प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे।

अमृत मिशन के कार्य के संबंध में आयुक्त ने कहा कि शेष पाईप लाईन विस्तार कार्य तथा नल कनेक्शन के कार्य पूर्ण करे, पार्षदो द्वारा दिये गये सूची अनुसार नल कनेक्शन करे। उन्होंने कहा कि जिन वार्डो में नये एवं पुराने दोनो पाईप लाईन से पानी सप्लाई की जा रही है उसमें से पुरानी लाईने बंद करे ताकि सभी वार्डो में पर्याप्त पेयजल सप्लाई हो सके। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में कम पानी आने की शिकायते आ रही है उसका प्राथमिकता से निराकरण करे, मोहारा फिल्टर प्लांट में आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त रखे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व के संबंध में कहा कि घरों के नये भौतिक सत्यापन के आधार पर डिमान्ड तैयार कर वसूली करना सुनिश्चित करे। दुकान किराया वसूली सत प्रतिशत करे, जिन दुकानों की नीलामी नहीं हुई है उनकी नीलामी करावे। उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने कार्यो की जवाबदारी समझ कार्यो का समय सीमा में निराकरण करे एवं अगामी बैठक में प्रगति से अवगत कराये। बैठक में उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, संजय वर्मा, इमरान खान, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित सभी विभागीय प्रमुख व अधिकारी उपस्थित थे।

भागवत साहू के माता जी के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

गांव वाले, सामाजिक लोग, नेता सहित प्रदेश के नेता हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम टेडेसरा निवासी एवं जिला साहू संघ राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू और देवलाल साहू के माता जी श्रीमती तेजबती साहू का (95) वर्ष के आयु में 7 अक्टूबर को निधन हो गया। जिनके 08 अक्टूबर को अंतिम दर्शन व दाह संस्कार कार्यक्रम गांव वाले सामाजिक लोग, नेता सहित प्रदेश के नेता शामिल हो हुए। इस दौरान सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा के लिए भगवान के श्री चरणों में स्थान देने और परिवार वालों को इस दुख की घड़ी को सहन करने क्षमता प्रदान करें।

इस अवसर पर टहल सिंह साहू प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष, प्रमोद साहू, भीखम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव के संरक्षक डॉ. नीरेंद्र साहू, कमल किशोर साहू, महामंत्री नीलमनी साहू, मोती साहू, सलाहकार पूर्व विधायक छन्नी साहू, भुनेश्वर बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष पदम कोठारी, सुदेश देशमुख पूर्व महापौर, अमरनाथ साहू पूर्व महांमंत्री, हेमंत कुमार साहू अध्यक्ष डोंगरगांव, हंसराज साहू साहू अध्यक्ष डोंगरगढ, सलाहकार उपाध्यक्ष नीरा साहू, माधव साहू संगठन सचिव, महेश साहू संगठन सचिव, चन्दन साहू संगठन सचिव, हेमंत साहू डोंगरगढ, नरेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू अध्यक्ष सिंघोला मंडल, रूपेश साहू, श्रीमती केसरी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती अंजू साहू, मुनेश्वरी साहू, हेमनाथ साहू संयोजक युवा, रामाकांत साहू प्रकोष्ठ तहसील, हरिश्चंद्र साहू, देवेन्द्र साहू आमगांव, जगमोहन साहू, तुकाराम कमलेश साहू, लोकेश साहू जिला साहू संघ के अनेक पदाधिकारी सहित नेता हुआ प्रदेश के नेता उपस्थित रहे।

श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति का शानदार आयोजन, रंग भरो प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरे रंग

राजनांदगांव (दावा)। श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति शक्तिधाम दुर्गा चौक राजनांदगांव की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समिति द्वारा मंगलवार को रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें लगभग 75 बच्चों ने भाग लिया आयोजन समिति के सचिव रीतेश देवांगन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्ष तक के बच्चों के लिये दो वर्गो में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों ने समिति द्वारा दिये गये माँ दुर्गा के विभिन्न रेखाचित्रों में अपनी पसंद के रंग भरकर चित्रों को सजीव कर दिया। प्रतियोगिता के पश्चात विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी प्रतिभागी बच्चों को कलर बाक्स भी दिये गये। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला के प्राचार्य एवं चित्रकला विशेषज्ञ पुनाराम यादव ने विजयी प्रतिभागियों को चिन्हांकित किया। मंच का सफल संचालन राजू सोनी एवं सनमय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में राजेश श्रीवास्तव, गोपीराम पेढ़रिया, उदेराम देवांगन, रीतेश देवांगन, अजय श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, गोपीराम देवांगन आदि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए शतचण्डी महायज्ञ के अवसर पर प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है जिनमें हनुमान चालीसा का पाठ, थाली सजाओ प्रतियोगिता, गरबा नृत्य, फैंसी ड्रेस, वरिष्ठजनों का सम्मान, हौजी आदि शामिल है। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक चंद्रप्रकाश यादव, अध्यक्ष खेम देवांगन, राकेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, गोपीराम पेढरिया, अजय श्रीवास्तव, रीतेश देवांगन, रूपेश धीवर, तरूण (विक्की) श्रीवास्तव, रूपेश धीवर, संकल्प (पिंटु) श्रीवास्तव, नवीन तिवारी, चेतन देवांगन, राकेश निर्मलकर, लल्ला निर्मलकर, बिट्टू श्रीवास्तव, दाऊ ठाकुर, कैलाश निर्मलकर, आदेश श्रीवास्तव, पवन देवांगन, उत्कर्ष श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव, मनोज धीवर, संदीप निर्मलकर, दुर्गेश धीवर, सक्षम देवांगन आदि का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 10 से रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
ममा अऊ भांचा के मया... मोहित साहू कृत
वेट्टैयन द हंटर
कलाकार - राजनीकांत, अमिताभ बच्चन, राणा दग्गूबाती, फहद फासिल आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
10th OCT 2024
silver SCREEN

Vettaiyan (Hindi) - 12:00, 03:15, 06:00 and 09:00 pm
Devara (Hindi) - 11:45am, 03:00, 06:15 and 09:30 pm
Stree 2 (Hindi) - 12:15, 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

डॉ. लुका व डॉ. देशकर ने पदभार ग्रहण किया

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में आज डीन डॉ.पी.एम.लुका और हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ.अतुल देशकर ने पदभार ग्रहण किया।

किराये से देना है
कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।
-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

भाजपा जम्मू कश्मीर और हरियाणा वालों की भी पसंद-मो. इमरान बीबा

विधानसभा चुनाव के नतीजों से भाजपा का जोश हाई

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मो. इमरान बीबा ने कहा कि हाल ही में हरियाणा और जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजा ने भाजपा का जोश बढ़ गया।

इस चुनाव नतीजे से छत्तीसगढ़ में भी आगामी नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा समर्पित उम्मीदवारों की जीत का रास्ता साफ नजर आ रहा है। श्री बीबा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा की 5 साल बाद वापसी और हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनने का अवसर मिलने तथा जम्मू कश्मीर में मजबूत विपक्ष के रूप में उभरने से यह पता चल रहा है। कि देश की जनता सिर्फ और सिर्फ भाजपा का नेतृत्व चाहती है।

राजनीतिक स्थिरता के साथ देश की शांति, सुरक्षा और विकास में मतदाताओं कि यह समझदारी आगामी समस्त आम चुनाव में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में भाजपा की सत्ता ने जनता का भरोसा जीता है। केंद्र में भी लगातार 10 साल भाजपा की सरकार रही और वर्तमान में भाजपा नेता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार है। आगे नगरी निकाय चुनाव में भाजपा समर्पित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कमर कसकर तैयार है। विपक्ष कांग्रेस और उनके सहयोगी दल चाहे लाख जतन कर ले उन्हें जनता धिक्कारेगी क्योंकि उनकी नीतियां ही गलत होती है। पिछले 5 साल भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार को आजमा कर देख लिया गया है।

शुभांक
अनुमानित
बी. के
3-4-5
780-5 344-1
राजधानी
8-9-0
189-8 167-4
चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सभी शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव-1

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00059 ककरेल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425420510700002

ईश्तहार

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00059 के अंतर्गत ग्राम ककरेल के वर्तमान भूमिस्वामी यशवंत पिता गरीबादास पता, संतरीन पति- बेवा गरीबादास पता-सादेह, ईश्वरीपिता-गरीबादास पता- संतोष दास पिता-अर्जुनदास पता सादेह, राजकुमारी पिता गरीबादास पता, सादेह, आरती पिता गरीबादास पता, लखन रात्रे पिता गरीबादास पता, सादेह, एन्द्रोकर पिता-अर्जुन दास पता, सुनीता पिता- गरीबादास पता, कुलेश पति- बेवा गरीबादास पता, सादेह, रामकुमार पिता-गरीबादास पता, गुलाब पिता-गरीबादास पता सादेह, सवेश्वर पिता अर्जुनदास पता, महेश्वरी पिता-गरीबादास पता, सोंगाबाई पिता-अर्जुनदास पता, रेशम पिता-गरीबादास पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 39 (0.4860), 357 (0.2230) में प्रस्तावित भूमिस्वमी/क्रेता गुलाब पिता स्व. गरीबादास पता, ग्राम ढौर जिला दुर्ग, संतोष दास पिता- स्व. अर्जुन दास पता, ग्राम ढौर जिला दुर्ग, महेश्वरी पिता-स्व. गरीबादास पता-ग्राम ढौर जिला दुर्ग, सुनीता पिता- स्व. गरीबादास पता, ग्राम ढौर जिला दुर्ग, यशवंत पिता- स्व. गरीबादास पता, ग्राम ढौर जिला दुर्ग, सोगा बाई पिता-स्व. अर्जुन दास पता, ग्राम ढौर जिला दुर्ग, रेशम पिता-स्व. गरीबादास पता ग्राम ढौर जिला दुर्ग, सर्वेश्वर पिता-स्व. अर्जुन दास पता ग्राम ढौर जिला दुर्ग, राजकुमारी पिता- स्व. गरीबादास पता ग्राम ढौर जिला दुर्ग, आरती पिता स्व. गरीबादास पता ग्राम ढौर जिला दुर्ग, एन्द्रोकर पिता-अर्जुनदास पता- ग्राम ढौर जिला दुर्ग, लखन रात्रे पिता- स्व. गरीबादास पता-ग्राम ढौर जिला दुर्ग, ईश्वरी पिता-स्व. गरीबादास पता-ग्राम ढौर जिला दुर्ग, रामकुमार पिता-स्व. गरीबादास पता ग्राम ढौर जिला दुर्ग, कुलेश पति-स्व. गरीबादास पता ग्राम ढौर जिला दुर्ग, संतरीन पति स्व. गरीबादास पता ग्राम ढौर जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/10/2024 को समय सुब 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/10/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदारः Devika

राजस्व निरीक्षक मंडल ठाकुरटोला

राष्ट्रीय खेल महोत्सव में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालोद की टीम ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया

राजनांदगांव (दावा)। राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्था समिति के निर्देशानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2024 'मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तर का आयोजन' दिग्विजय स्टेडियम एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। प्रतियोगिता में गरियाबंद, बालोद, धमतरी, महासमुंद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं राजनांदगांव जिले में संचालित 8 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के 415 प्रतिभागियों ने 14 वर्ष से कम आयु वर्ग तथा 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की विभिन्न खेल विद्याओं में भाग लिया। व्यक्तिगत स्पर्धा के 11 खेल तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, जूडो, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्कांडो, भारत्तोलन, कुश्ती, योगा तथा टीम स्पर्धा के 6 खेल बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल में स्पर्धा हुई। दिग्विजय स्टेडियम में एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, रेसलिंग, तीरंदाजी, बैडमिंटन, योगा, बास्केटबॉल एवं सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम म्युनिसिपल स्कूल में शतरंज, फुटबॉल एवं स्टेट हाईस्कूल में वॉलीबॉल, कमला देवी महिला कॉलेज में कबड्डी, ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों व टीम को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांज मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिमा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालोद की टीम ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इसी तरह एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय महासमुंद द्वितीय एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गरियाबंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में राष्ट्रीय खेल महोत्सव के तहत मध्य क्षेत्र संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई तथा विद्यार्थी जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में शामिल होने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य अमिय श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग सुश्री दीक्षा गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, सहायक संचालक शिक्षा श्री आदित्य खरे, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, प्रतिभागी खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री की बालिका द्वारा अतिथि सत्कार गीत प्रस्तुत किया गया।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल महोत्सव के तहत मध्य क्षेत्र संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह समारोह में शामिल हुए। उन्होंने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री की स्थापना के लिए किए गए प्रयासों के बारे में बताया। पूर्व सांसद ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और प्रतिभागियों को खेल के साथ पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढने् की प्रेरित किया। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने प्रतिभागी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य अमिय श्रीवास्तव ने दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव के तहत मध्य क्षेत्र संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग सुश्री दीक्षा गुप्ता, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, प्रतिभागी खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत सुखदेवे एवं सुश्री स्मृति ने किया। आयोजन को सफल बनाने में संगीता मेश्राम, कोमल ध्रुव, पुरेंद्र महिलांगे, मोहनीस उईके, रणविजय प्रताप सिंह, कन्हैयालाल करवड़े, निखिल वैष्णव, राहुल भगत, प्रभात मिश्रा, जितेंद्र नागर, तुलेश कुंजाम, अंबरीश प्रजापति, जया शुक्ला, विनीता नागेश्वर, गोविंद साहू, विजय यदु, छत्रपाल पंचारी, दीपेश साहू, वेदप्रकाश देवांगन, ज्योति देवांगन, सुमन रानी, सत्येंद्र, साहिल दलाल, कमला बागडे, प्रमिला ठाकुर, राम बाई टोप्पो, अजय रामटेके सहित सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा शिक्षा विभाग के स्पोर्ट्स अधिकारी व पीटीआई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस सफल आयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति, आदिम जाति कल्याण, आवासीय आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला राजनांदगांव ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

छप्पन भोग ....

राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर राजनांदगांव में नवरात्रि पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा को छप्पन भोग का महाप्रसादी चढ़ाया गया। इस अवसर पर बहुत संख्या मे भक्तगण उपस्थित होकर पूण्य लाभ अर्जित किये।

फारेस्ट रेस्ट हाउस में खाना बनाने वाले मजदूर से बदसलूकी करने वाले पुलिस हिरासत में

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्राम करवारी स्थित फारेस्ट रेस्ट हाउस में खाना बनाने वाले मजदूर से बदसलूखी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपीगण द्वारा मजदूर से गाली-गलौज कर दारू पीने के लिये उसके जेब से 500 निकाल लिए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि एक माह पूर्व आरोपी राहूल ओझा के विरूद्ध सीएचसी डोंगरगढ के अन्दर घुसकर गाली-गलौज करने का अपराध दर्ज है।

प्रार्थी चन्द्रशेखर वर्मा पिता सेवकराम वर्मा उम्र- 51 साल निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. जो करवारी फारेस्ट नाका में खाना बनाने का मजदूरी कार्य करता है जो दिनांक'- 08.10.2024 एवं 09.10.2024 के बीच रात्रि में करवारी फारेस्ट रेस्ट हाउस में खाना गरम कर मेला ड्यूटी में आये अधिकारियों के लिये खाना परोस रहा था कि उसी समय डोंगरगढ़ का राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल खाना बनाने वाले रूम में आकर हम लोग पत्रकार है बोलते हुये प्रार्थी के साथ गाली-गलौज किये और खाना लगाओ बोले प्रार्थी के द्वारा अभी साहब लोगों को खाना दुंगा कहने पर राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल ने दारू पीने के लिये पैसे दो कहते हुये प्रार्थी के पैंट की जेब में हाथ डालकर 500 रू निकाल लिये एवं प्रार्थी से धक्का-मुक्की कर जान से मार देने की धमकी दिये जिसकी लिखित शिकायत पर थाना डोंगरगढ में धारा- 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर आरोपीगण विमल अग्रवाल पिता स्व. गोविन्द लाल अग्रवाल उम्र- 40 साल निवासी वार्ड न. 19 कोर्ट रोड, राहुल ओझा पिता अशोक ओझा उम्र- 31 साल निवासी ग्राम अछोली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसके एक माह पूर्व आरोपी राहूल ओझा के द्वारा शराब के नशे में सीएचसी डोंगरगढ़ के प्रसव कक्ष में घुंसकर गाली-गलौज कर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया था जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र0- 432/2024 धारा- 221, 296 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है।

किशुन लाल साहू ने ग्रामीणों को भाजपा सदस्य बनने प्रेरित किया

राजनांदगांव (दावा)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के उपलक्ष्य में आज राणाखुज्जी बूथ के प्रभारी किशुन लाल साहू सभापति जनपद पंचायत छुरिया ने भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत घर-घर जाकर सदस्य बनाएं तथा ग्रामीणों को सदस्य बनने हेतु प्रेरित किया गया।

भव्य आतिशबाजी के साथ सोमनी में विजयादशमी पर्व 13 को

0 छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे शामिल
0 सुनील सोनी स्टार नाइट का सांस्कृतिक आयोजन भी होगा

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सोमनी में दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस बार विजयादशमी का पर्व 13 अक्टूबर को रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग विधानसभा के अध्यक्ष डा. रमन सिंह होंगे। समिति के संरक्षक आलोक तिवारी व अध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि विजयादशमी पर्व पर कटक की शानदार आतिशबाजी के साथ 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम सात बजे से शुरू होगा। भव्य आकाशीय आतिशबाजी के साथ कटक के कलाकर जमीनी आतिशबाजी भी दिखाएंगे। बताया गया कि रावण दहन से पहले रामलीला का आयोजन भी होगा। आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

सुनील सोनी मचाएंगे धूम

समिति के सांस्कृतिक प्रभारी ललित जैन व अभिनव तिवारी ने बताया कि दशहरा पर्व पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों के गायक सुनील सोनी का सांस्कृतिक संगीतमय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू होगा। जिसमें सुनील सोनी और उनकी टीम के कलाकार छत्तीसगढ़ी फिल्मी गीतों पर धूम मचाएंगे।

भव्य आयोजन को लेकर तैयारी में जुटे सदस्य

समिति के संयोजक चंद्रकांत ठाकुर व अध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि कोरोनाकाल के बाद इस साल विजयादशमी का पर्व भव्य रूप से मनाया जा रहा है। आसपास के ग्रामीणों को इस बार दशहरा में आकर्षक आतिशबाजी के साथ सुनील सोनी स्टार नाइट सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने को मिलेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य कैलाश विश्वकर्मा, संतोष यादव, जितेंद्र देशमुख, कमल वैष्णव, प्रकाश वर्मा, दिनेश देशलहरे, सुखदेव साहू, नोहर साहू, विवेक साहू, नितेश अग्रवाल व सचिन यादव सहित सभी सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

रोग विशेषज्ञों की सेवाएं आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में उपलब्ध

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल स्थित सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जी रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु उपलब्ध रहेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन राम दारूका, वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके साहू, नस मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप सिंह, कान नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ.नमन पिंचा एवं निःसंतानता एवं कॉस्मेटिक गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई) तथा चर्म रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

मोदी के विरोधियों अब तो शर्म करो - मो. इरफान शेख

जम्मू कश्मीर और हरियाणा के चुनाव नतीजे से दिल बाग बाग - हैरी जोसेफ

राजनांदगांव (दावा)। जम्मू कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव के नतीजे को देखकर जिले के भाजपा नेताओं में भारी प्रसन्नता व्याप्त है भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख और जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने समवेत तौर से कहा कि इस चुनाव से मोदी विरोधियों को शर्म करनी चाहिए। मोदी विरोधियों द्वारा लगातार मीडिया में बयानबाजी करके भी वे भाजपा को हरा नहीं सके, अब उनके पास भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहने के सिवाय कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। नेता द्वय ने कहा कि हरियाणा में 49 सीटों के साथ भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है, वहीं जम्मू कश्मीर में भाजपा की झोली में 29 सीटे आई है। जिससे भाजपा मजबूत विपक्ष की भूमिका में रहेगी। इस तरह पहले के तमाम चुनाव की तुलना में भाजपा इस चुनाव के नतीजे में भारी फायदे में है।

दोनों ही राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के समर्थकों के लिए खुशी की बात है। चुनाव नतीजे बता रहे हैं कि भाजपा का ग्राफ कहीं कोई काम नहीं हुआ है। बल्कि बढ़ते क्रम में है देश के लोग अब राजनीतिक स्थायित्व के मन पूरी तरह से बना चुके हैं। देशवासी हर बार भाजपा या उनके सहयोगी दलों की सरकार चाहते हैं। मोहम्मद इरफान शेख और हैरी जोसेफ ने यह भी कहा कि 2014 से अब तक यानी पूरे 10 साल देश में मोदी मैजिक ही चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा इन दोनों नेताओं ने मोदी के विरोधियों को सलाह दी कि वह हो सके तो मोदी का विरोध करना बंद करें और अपने ऊर्जा बचाएं अपनी आत्मा से पूछे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गलत नीतियों को अपनाते रहते हैं तो उनका और भाजपा का ग्राफ क्या बढ़ता क्या राज्यों में भाजपा की सरकारी चुनी जाती भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ता उन्होंने सलाह दी की या तो सत्य को स्वीकारे या चुपचाप घर बैठ जाए।

जिला केसीजी अंतर्गत मकान मालिकों को किरायेदार की जानकारी पुलिस को देने की अपील

किरायेदार की जानकारी पुलिस में नही देने पर होगी कानूनी कार्यवाही

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) जिला केसीजी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में जिला केसीजी के समस्त थाना/ चौकी क्षेत्रों में अपराध की रोकथाम एव संदिग्ध व्यक्तियों तस्दीक हेतु, जिला के बाहर दीगर जिला एवं अन्य राज्यों से आकर रहने वाले व्यक्तियों की लगातार भौतिक सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में जिला केसीजी के सभी मकान मालिको से अपील किया जाता है, कि यदि उनके मकान में कोई व्यक्ति किराये में निवास करता है, तो उसकी सम्पूर्ण बायोडाटा की जानकारी प्रोफॉर्मा में जिसमे किरायेदार का नाम, पता, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र, फोटोग्राफ आदि एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने अपने क्षेत्र के संबंधित पुलिस थाना/चौकी में 25 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से जमा करे उसके पश्चात यदि किसी मकान मालिक के द्वारा किरायेदार की जानकारी पुलिस को नही दी गयी और जांच में पाया जाएगा, तो मकान मालिक सहित किराएदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। शहर/नगर की सुरक्षा में आप सब की सहयोग अपेक्षित है।

डोंगरगांव विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यो के लिए 13 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 13 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम साल्हे में शीतला पारा भवन में टाईल्स कार्य के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम तेन्दूनाला में स्कूल भवन में टाईल्स कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम आसरा में सामुदायिक भवन आदिवासी पारा के पास चेकर टाईल्स के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम तिलईरवार में नया बोर से सिनटेक्स टंकी तक पाईप लाईन के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम आसरा में शिशु मंदिर में टाईल्स कार्य के लिए 2 लाख रूपए, सामुदायिक भवन पटेल पारा में शेड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम कोहका ढाबा में शिव मंदिर पास मंच पर टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

जहां-जहां पांव पड़े संतन (भूपेश बघेल) के, तहां-तहां बंटाधार - धरमलाल कौशिक

डोंगरगढ़(दावा)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने मां बम्लेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि, जहां-जहां पांव पड़े संतन के, तहां-तहां बंटाधार होय वाली कहावत कांग्रेस में चरितार्थ हो रही है। यही कारण है कि, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जहां-जहां चुनाव प्रचार किया वहां-वहां कांग्रेस का बंटाधार हो गया।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की

श्री कौशिक ने श्री बघेल द्वारा ईवीएम मशीन को लेकर दिए गए बयान पर आगे कहा कि, जीते तो कांग्रेस का जनाधार हारे तो ईवीएम की वजह से। श्री बघेल ईवीएम को बेकार में दोष दे रहे हैं। यदि ऐसा है, तो उन्हें कश्मीर में सरकार नहीं बनानी चाहिए और कहना चाहिए कि ईवीएम से रिजल्ट आया है। इसलिए हम सरकार नहीं बनाएंगे तब हम सोचते हैं। कांग्रेसी रिजल्ट आने के बाद चुपचाप सरकार बना लेते हैं। सरकारी तंत्र को बेलगाम घोड़े की संज्ञा देते हुए श्री कौशिक ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में यह तंत्र बेलगाम हो गया था, जिस पर नकेल कसना पड़ा।

भवानी नगर में मातारानी की घट स्थापना, महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन

कल होगी अष्टमी हवन,, महाप्रसादी का होगा

राजनांदगांव (दावा)। भवानी नगर बसंतपुर में समाज सेवी श्रीमती शारदा तिवारी के यहां शारदीय नवरात्रि पर्व पर मातारानी की घट स्थापना की गई है। यहां मां भवानी के प्रति श्रद्धा भक्ति के तहत आस्था के दो ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। जिसमे से एक ज्योत मां दुर्गा भवानी के नाम पर वहीं दूसरा ज्योत मां कामाख्या देवी के नाम पर जलाए गए हैं। जहां नित्य प्रति मातारानी की विधि - विधान के साथ पूजा-अर्चना सहित महिलाओं द्वारा माई की भक्ति मय भजन- कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इससे भवानी नगर का माहौल धर्म मय बना हुआ है।

समाज सेवी श्रीमती तिवारी के यहां घट स्थापना का दर्शन करने के लिए रोजाना गणमान्य जनो की उपस्थिति बनी हुई हैं। बुधवार नवरात्र सप्तमी को मातारानी के दर्शन के लिए शहर के उद्योगपति सुनील मूंदड़ा अपनी धर्मपत्नि श्रीमतीअमिता मूंदड़ा के साथ भवानी नगर पहुंचे और माता भवानी की पूरे भाव भक्ति के साथ पूजा अर्चना की। इस दौर महिलाओं का माई के प्रति भजन - कीर्तन का गान वातावरण में गुंजायमान होते रहा। ढोलक की थाप व मंजीरे की झनकार के बीच भजन-कीर्तन का गान करने वाली महिलाएं श्रीमती अस्मिता मिश्रा, प्रवीणा राठौर, रोहणी खिस्के, अर्पिता मिश्रा, भावना झा, ज्योति मिश्रा, ममता अवस्थी, शुभ्रा मिश्रा आदि ने मातारानी के चरणों में एक से बढ़ कर भजन-कीर्तन का गान प्रस्तुत किए। वहीं श्रीमती तिवारी ने सुमर-सुमर झुमरे हिंगलाज माता व हर बैशाख में बाघ पर बैठ सिंदूर भरे माई, गाकर माई के प्रति अपनी श्रद्धा भक्ति का परिचय दिया। इस दौरान समाज सेवी महिला श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी श्रीमती आशा गुप्ता श्रीमती अर्चना दास श्रीमती अनीता जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। बताया गया कि कल अष्टमी तिथि को माता भवानी का हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित है। इस दौरान सभी उपस्थित जनों में मातारानी की महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

ग्राम चाबुकनाला में बेहतर संचालन से हर घर में नल से मिल रहा शुद्ध पेयजल

राजनांदगांव (दावा)। जल जीवन मिशन योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत घोरतलाव के आश्रित ग्राम चाबुकनाला में डिस्ट्रीब्यूशन 1000 मीटर पाईप लाइन का विस्तार कर हर घर में नल लगाया गया है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य बेहतर रूप में क्रियान्वन करते हुए ग्राम चाबुकनाला के ग्रामीणों के 48 परिवारों में सोलर के माध्यम 24 घंटे शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। सरपंच श्रीमती लीलाबाई कोठारी ने बताया कि पहले उनके ग्राम में पानी की काफी समस्या थी। कई बार अन्य ग्रामों से टैंकर के माध्यम से पानी मंगाया जाता था। अब जल जीवन मिशन के तहत उनके ग्राम में पाईप लाइन बिछाकर हर घर में नल कनेक्शन दिया गया है। घर-घर में नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक सतत अभियान चलाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ग्राम में आज नल से जल के बेहतर उपयोग और बहने वाले पानी के सदुपयोग, सोखता गड्ढा निर्माण सहित जल संरक्षण के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे गांव में जल संरक्षण और जल के बेहतर उपयोग करने के प्रति जागरूकता आयी है। गांव के वार्ड नंबर 9 एवं 10 की निवासी श्रीमती क्रांति बाई कंवर एवं श्रीमती गीता बाई ने बताया कि पहले हैंडपंप के माध्यम से अपने घरों के लिए पानी लाती थीं। हैंडपंप के सामने लम्बी लाइन लगानी पड़ती थी। काफी मशक्कत के बाद पानी मिलता था, लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना से घर में नल लगने के बाद पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। जिसका उपयोग पेयजल सहित निस्तारी के लिए करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जल जीवन मिशन योजना से घर में नल लगवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रीमती लीला, गीता एवं क्रांति ने घर में नल लग जाने पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

शास. दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी का गठन

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 9 अक्टूबर को माइक्रोबायोलॉजी विभाग शास.दिग्विजय स्वशासी पी.जी. कॉलेज, राजनांदगांव में माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया (एमबीएसआई) के तहत माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी का गठन किया गया है। इस आयोजन के लिए, हमारी प्राचार्या डॉ.अंजना ठाकुर, डॉ.सोनल मिश्रा क्षेत्रीय प्रमुख और अध्यक्ष पाठ्यक्रम समिति एमबीएसआई श्रीमती सविता चंद्रवंशी एचओडी माइक्रोबायोलॉजी विभाग कु. प्रगति नोन्हारे अतिथि व्याख्याता (एस.एफ) विजय कुमार वर्मा अतिथि व्याख्याता (एस.एफ.) सहित एम.एससी. के विद्यार्थी उपस्थित थे। इस बैनर के तहत कॉलेज में विभिन्न गतिविधियाँ और उद्यम आयोजित होने जा रहे हैं जो छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी के अंतर्गत नामित सदस्य हैं. अध्यक्ष. गरिमा सिन्हा, उपाध्यक्ष. लिव्या वर्मा, सचिव. ईशा शिवने, उप सचिव. भारती मंडावी यह सोसायटी माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में काम करेगी और समाज और छात्रों के बीच सुक्ष्मजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगी।

अनमोल दावा

आपके और आपके सपने के बीच में सिर्फ एकमात्र चीज है कोशिश करने की इच्छा और यह विश्वास कि यह वास्तव में संभव है।

भाजपा ने हरियाणा में पलट दी बाजी, पीछे रहने की वजह कांग्रेस खुद

हरियाणा के जनादेश को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता। खासकर भाजपा के शीर्ष पर आने के बाद भारतीय विचारधारा से जुड़े मुद्दे हिंदुत्व राष्ट्रीय एकता-अखंडता संस्कृति भाषा धर्मस्थलों और अल्पसंख्यकों के प्रति विपक्ष का रवैया। ये ऐसे विषय हैं जो लंबे समय से हर चुनाव में कम या ज्यादा भूमिका निभाते हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में आम धारणा यही थी कि कांग्रेस सत्ता में आ रही है, लेकिन नतीजे बिल्कुल उलट रहे। वास्तव में पिछले डेढ़ सप्ताह से हरियाणा की जमीनी स्थिति में बदलाव दिखने लगा था। कुछ कांग्रेस नेता खुद यह मानने लगे थे कि मुकाबला कांटे का हो गया है। इसमें संदेह नहीं कि भाजपा के कार्यकर्ताओं-समर्थकों और उसके मतदाताओं में सरकार और संगठन के व्यवहार पर थोड़ी नाराजगी-निराशा थी, किंतु कांग्रेस की कुछ ऐसी प्रवृत्तियां थीं, जिनमें उनके सामने भाजपा ही विकल्प बची। हरियाणा की जनता ने यह भी देखा कि कांग्रेस के मुकाबले उसे भाजपा की विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कहीं बेहतर तरीके से मिला है। यह भी स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव के विपरीत इस बार राज्य के दलित और पिछड़ों ने यह महसूस किया कि उसकी वास्तविक हितैषी भाजपा ही है।

यदि हरियाणा में कांग्रेस लगातार तीसरी बार भाजपा से पीछे रह गई तो इसके लिए वही अधिक जिम्मेदार है। कांग्रेस ने 2014 से ही संगठन, सोच, नेतृत्व और व्यवहार के स्तर पर ऐसा परिवर्तन नहीं किया कि उसके प्रदर्शन में चमत्कारिक बदलाव हो। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव में उसने भाजपा की आंतरिक कमजोरी, आरक्षण एवं संविधान खत्म किए जाने के निराधार भय के साथ जातीय विभाजन की बातों से दस में से पांच सीटें हासिल कीं। इससे कांग्रेस को लगा कि थोड़ा परिश्रम करें तो भाजपा को हरा सकते हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा जैसे अनुभवी नेता एवं प्रभावशाली-बलशाली जाति के चेहरे को संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने से भी कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा था। हुड्डा की स्थिति इतनी प्रभावी थी कि केंद्रीय नेतृत्व आम आदमी पार्टी से गठबंधन चाहता था, लेकिन उनके दबाव में पीछे हटा। यह निर्णय स्थानीय स्थिति के मद्देनजर गलत नहीं था, किंतु भाजपा के विरुद्ध आइएनडीआइए की एकजुटता का दावा अवश्य कमजोर पड़ा।

हरियाणा के जनादेश को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता। खासकर भाजपा के शीर्ष पर आने के बाद भारतीय विचारधारा से जुड़े मुद्दे हिंदुत्व, राष्ट्रीय एकता-अखंडता, संस्कृति, भाषा, धर्मस्थलों और अल्पसंख्यकों के प्रति विपक्ष का रवैया। ये ऐसे विषय हैं, जो लंबे समय से हर चुनाव में कम या ज्यादा भूमिका निभाते हैं। लोकसभा चुनाव में फैजाबाद से भाजपा की पराजय और सपा की विजय को विपक्ष ने जिस तरह प्रसारित किया, वह राम मंदिर समर्थकों और हिंदुत्व की विचारधारा वाले लोगों के जले पर नमक छिड़कने के समान था। भाजपा समर्थकों को इसकी गहरी टीस थी और जब राहुल गांधी ने कहा कि हमने अयोध्या के विचार को हरा दिया है तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया हुई। संसद में राहुल गांधी के 'हिंदू-हिंदू कहने वाले हिंसा करते हैं' जैसे बयान और साफ दिखती मुस्लिमपरस्ती पर भी प्रतिक्रिया हुई। राहुल ने अमेरिका में सिखों को लेकर ऐसी बातें बोलीं, जो विभाजनकारी थीं।

यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि भाजपा समर्थकों में यह भाव पैदा हुआ कि भले ही हमारी सरकार और पार्टी ने हमें कुछ निराश किया हो, लेकिन हिंदुत्व और देश का सवाल सर्वोपरि है और विपक्ष राष्ट्रीय हितों की परवाह नहीं कर रहा है। इसके बाद भाजपा के जनाधार वाले किसी क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी पार्टी के जीतने की संभावना क्षीण हो जाती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जहां सामाजिक न्याय और गारंटियों पर फोकस किया और इसके चलते अयोध्या एवं हिंदुत्व के मुद्दे शुरुआती दो चरणों में पीछे चले गए, वहीं हरियाणा में विपक्ष की तुष्टीकरण नीति तथा भारत की एकता-अखंडता को कमजोर करने वाली नीतियों पर प्रहार उसके प्रचार के प्रमुख अंग बन गए।

जहां राहुल गांधी हरियाणा में दलितों की अस्मिता को लेकर सवाल उठाते रहे, वहीं कुमारी सैलजा की भूमिका दलितों के लिए सम्मान का विषय बन गई। उनकी जाति के नाम पर गाली देते हुए वायरल वीडियो के विरुद्ध विपरीत प्रतिक्रिया हुई। हरियाणा में दलितों के सम्मेलन में भाजपा के समर्थन का एलान हुआ। जींद में अति पिछड़ों की रैली में भी ऐसी ही घोषणा हुई। यह सब इसका सूचक था कि लोकसभा चुनाव के समय से स्थितियां बदली हैं। दलितों के बहुमत ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट दिया था, लेकिन विधानसभा में उनका मन बदला और इसी कारण परिणाम भाजपा के पक्ष में आया। यह भी स्पष्ट है कि जाट नेताओं ने सत्ता के लिए जैसा व्यवहार किया, उससे दूसरी जातियां थोड़ा सतर्क हुईं। अग्निवीरों का समायोजन करने की घोषणा कर भाजपा ने दुष्प्रचार की काट की। वैसे भी यह जमीन पर वैसा मुद्दा नहीं था, जैसा बाहर दिखाया जा रहा था। यही स्थिति किसानों के संदर्भ में थी। किसानों के नाम पर आंदोलन करने वाले नेताओं ने अपने प्रभाव वाले अंबाला में अनिल विज को हराने के लिए पुरजोर अभियान चलाया, लेकिन वह जीत गए। हुड्डा को लेकर आंतरिक असंतोष भी कांग्रेस को भारी पड़ा। हरियाणा से भाजपा को कुछ स्पष्ट संदेश मिले हैं। एक तो यह कि अपने मुद्दों पर दृढ़ रहे तथा संगठन एवं उम्मीदवारों के रूप में निष्ठावान लोगों को सामने रखे। दूसरा, संगठन और सरकार अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं से नियमित संवाद करे और उनकी वैध आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए सदैव तत्पर रहे।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव : राहुल गांधी के क़द पर क्या होगा असर ?

अभय कुमार सिंह

चार जून 2024 को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद राहुल गांधी ने कहा था, भारत की जनता ने एकजुट हो कर साफ कह दिया है - हम मोदी जी को नहीं चाहते !संविधान की कॉपी दिखाते हुए राहुल गांधी कहते नज़र आए थे कि ये चुनाव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का चुनाव था.लोकसभा चुनाव के इन नतीजों के बाद राहुल गांधी और विपक्ष के तेवर काफी आक्रामक नज़र आए.अग्निवीर, जातिगत जनगणना, पेंशन स्कीम, लेटरल एंट्री स्कीम समेत कई मुद्दों पर राहुल गांधी और विपक्ष ने सरकार को सडक़ से लेकर संसद तक घेरते हुए आक्रामक रुख अपनाया. लेटरल एंट्री स्कीम जैसे मुद्दों पर तो सरकार को यू-टर्न तक लेना पड़ा.

ऐसे में, जब क़रीब ढाई महीने बाद जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव की तारीख़ों का एलान हुआ, तो कांग्रेस प्रचार और तैयारियों को लेकर आत्मविश्वास में नज़र आ रही थी.

राहुल गांधी की ओर से भी जीत के दावे किए जा रहे थे.वोटिंग से पांच दिन पहले एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा था, हरियाणा में %दर्द के दशक% का अंत करने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी शक्ति के साथ एकजुट है, संगठित है, समर्पित है. ख़ास बात ये थी कि इस तस्वीर में राहुल के एक तरफ़ भूपेंद्र हुड्डा थे और दूसरी तरफ़ कुमारी सैलजा.

अब 8 अक्टूबर को आए नतीजों में कांग्रेस को उम्मीदों के उलट हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा है. पार्टी ने यहां की 90 विधानसभा सीटों में से 37 सीटें और 39त्न वोट शेयर हासिल किया है.वहीं, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को जीत मिली है, लेकिन कांग्रेस के खाते में महज़ 6 सीटें आईं हैं, जिनमें से एक सीट जम्मू क्षेत्र से मिली है, जो इस क्षेत्र में कांग्रेस का अब तक का सबसे ख़राब प्रदर्शन है.

हरियाणा में हार और जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की गठबंधन वाली जीत के बाद कांग्रेस के प्रदर्शन और राहुल गांधी के नेतृत्व पर एक बार फिर चर्चा शुरू हो चुकी है. जिस तरह से कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके बाद जो पार्टी से उम्मीदें थीं, हरियाणा में उन उम्मीदों पर राहुल गांधी खरे नहीं उतर पाए.वो आगे कहते हैं, वो ऐसा नहीं कर पाए, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि सब खत्म हो गया है. राजनीति में एक चुनाव हारना अंत नहीं होता, ये हमेशा नई शुरुआत होती है.वो ये भी कहते हैं कि कांग्रेस के बारे में जो परसेप्शन बन रहा था कि कांग्रेस मजबूत हुई है, वो भ्रम टूट गया है. अब फिर से लोग कहना शुरू कर रहे हैं कि सीधे मुकाबले में कांग्रेस बीजेपी के सामने कमजोर पड़ती है. हालांकि, विनोद शर्मा मानते हैं कि अगर कांग्रेस गठबंधन महाराष्ट्र चुनाव जीत जाता है तो इस छवि में सुधार होगा.

वरिष्ठ पत्रकार अदिति फडनीस मानती हैं कि हरियाणा चुनाव से राहुल गांधी के प्रदर्शन को आंका नहीं जा सकता. वो कहती हैं, हार का ठीकरा अगर फूटेगा तो वो भूपेंद्र हुड्डा के सिर पर फूटेगा, राहुल गांधी पर नहीं.वो ये भी मानती हैं कि हरियाणा के चुनाव में बीजेपी का पलड़ा हर तरीके से कांग्रेस से भारी रहा है और इस गिरावट का असर कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों पर पड़ेगा. हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों में बीजेपी को 90 विधानसभा सीटों में से बहुमत से ज़्यादा 48 सीटें हासिल हुई हैं और क़रीब 40 प्रतिशत वोट शेयर मिला है. वहीं, जम्मू-कश्मीर में पार्टी के प्रदर्शन पर वरिष्ठ पत्रकार और लेखक अनुराधा भसीन कहती हैं कि भले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन 90 विधानसभा सीटों में से 49 जीतकर सरकार बनाने जा रहा है, लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन ख़ासतौर से जम्मू क्षेत्र में ख़राब रहा है.भसीन कहती हैं, कश्मीर में तो गठबंधन को निर्णायक जनादेश मिला है, लेकिन जम्मू के क्षेत्र में, जहां उनकी ख़ास पकड़ रही है, वहां केवल एक ही सीट मिली है, जो 2014 के प्रदर्शन से भी ख़राब है.अगर उनकी परफॉर्मेंस देखी जाए, तो चाहे गलत उम्मीदवारों का चयन हो या उन्होंने एंटी-इनकंबेंसी फैक्टर पर ध्यान नहीं दिया हो, वे इसका फायदा नहीं उठा सके. ये सारी चीजें, मेरे ख्याल से, कांग्रेस की सबसे ख़राब परफॉर्मेंस की वजह रही हैं.हालांकि, वो ये मानती हैं कि पूरा दोष राहुल गांधी पर नहीं मढ़ा जा सकता.भसीन का कहना है, ये तो पार्टी का मसला है, सारा दोष राहुल गांधी पर नहीं डाला जा सकता, न कांग्रेस की जीतों का श्रेय और न कांग्रेस की जो खामियां हैं. लेकिन वो पार्टी को लीड कर रहे हैं, एक स्टार प्रचारक हैं, तो उनकी गैर-मौजूदगी में उन्होंने ज़्यादा फोकस कश्मीर पर किया, जबकि जम्मू पर बहुत कम ध्यान दिया. हालांकि, दो बार आए और रैलियाँ भी कीं, लेकिन पार्टी की जो प्रेजेंस एक मजबूत तरीके से होनी चाहिए थी, वो नहीं रही.हालांकि, विनोद शर्मा मानते हैं कि राहुल गांधी की कश्मीर में अच्छी छवि का असर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रदर्शन में भी दिखा है।

राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और विपक्ष के सबसे बड़े चेहरे भी हैं. लोकसभा चुनाव के बाद वो काफी सक्रिय नज़र आए. इन महीनों में जब कई मुद्दों पर राहुल गांधी सरकार को घेरते दिखे, तब उन्हें इंडिया गठबंधन की दूसरी पार्टियों का भी समर्थन मिला.ऐसे में अब इन चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन का असर राहुल गांधी की इंडिया गठबंधन में स्वीकार्यता पर क्या पड़ेगा?इस सवाल के जवाब में वरिष्ठ पत्रकार अदिति फडनीस कहती हैं कि इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी की जिस तरह की छवि है, इस हार का उस पर कोई असर नहीं होगा. फडनीस कहती हैं, मुझे नहीं लगता कि इंडिया गठबंधन इसे राहुल गांधी की हार मानेगा, हार हुई है तो वो भूपेंद्र हुड्डा जी की हुई है. मुझे नहीं लगता कि इंडिया गठबंधन के केजरीवाल या कोई और ये कहेगा कि राहुल, आपने हमें हराया.

अदिति ये भी मानती हैं कि इस हार के बाद भी राहुल गांधी के चुनावी तेवर, उनके बोलने के लहज़े और सरकार पर कटाक्ष करने के तरीके में कोई कमी नहीं आएगी.वहीं, वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा कहते हैं कि हरियाणा की हार से इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का विश्वास कांग्रेस पर कम होता दिखेगा. वो कहते हैं, कांग्रेस अपनी तलवार पर खुद ही गिर गई. अपने ही अंदर के विरोधाभासों से हार गई और एक जीता हुआ चुनाव हार गई. इससे कांग्रेस के आत्मविश्वास पर सवाल उठते हैं और इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का भी कांग्रेस पर विश्वास कम होता है.अनुराधा भसीन कहती हैं कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के नतीजों का राहुल गांधी के नेतृत्व पर क्या असर पड़ेगा, ये कहना जल्दबाजी होगी. अभी दो राज्यों के चुनाव बाकी हैं, जिनमें महाराष्ट्र और झारखंड शामिल हैं.

महाराष्ट्र और झारखंड में इस साल के आख़िरी में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं. महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ङ्क शरद पवार का गठबंधन है. झारखंड में कांग्रेस और हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठबंधन है. आरजेडी और माले भी इस गठबंधन का हिस्सा हैं.विश्लेषक मानते हैं कि आगामी झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव में हरियाणा के नतीजों का असर होगा. ऐसे में अब कांग्रेस और राहुल गांधी की चुनौती कुछ हद तक बढ़ जाएगी.

अदिति फडनीस कहती हैं कि इस बात में कोई शक नहीं कि कांग्रेस का पलड़ा हल्का हुआ है.वो कहती हैं, टिकट बंटवारे और दूसरी चीज़ों में गठबंधन की पार्टियां कांग्रेस पर दबाव डाल सकती हैं.विनोद शर्मा कहते हैं कि महाराष्ट्र और झारखंड दोनों ही जगहों पर सीटों के बंटवारे में हरियाणा के चुनाव का असर दिखेगा. महाराष्ट्र में कांग्रेस अब फायदे की स्थिति में समझौता नहीं कर पाएगी. अगर पार्टी हरियाणा जीत जाती तो फायदे की स्थिति में होती.

हरियाणा में चुनावी कैंपेन की शुरुआत से लेकर नतीजों के एलान तक पार्टी के भीतर गुटों के टकराव की बातें सामने आती रहीं. जानकार बताते हैं कि राज्य में कांग्रेस के उम्मीदवारों को इस नज़र से देखा जा रहा था कि कौन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खेमे से है और कौन कुमारी सैलजा के क़रीबी है.विश्लेषक मानते हैं कि इस खेमेबाज़ी का भी असर चुनावी नतीजों पर पड़ा है. तो क्या इसे कांग्रेस और राहुल गांधी सुलझा नहीं पाए?विनोद शर्मा कहते हैं, सैलजा जी और हुड्डा जी के बीच मनमुटाव हुआ, तो दोनों का हाथ मिलवा दिया गया. लेकिन हाथ मिलवाने से मन थोड़ी मिलते हैं.वो आगे कहते हैं, पार्टी ये मान सकती है कि ये उनकी खामी थी कि जो अंदरखाने टकराव चल रहा था, उसे रोक नहीं पाए. इस स्थिति में जो लीडरशिप का काम है, वो होना चाहिए था. दोनों नेताओं को बिठाकर, उन्हें कहना चाहिए था कि सीधे हो जाओ और इस तरह से चुनाव लड़ो, वरना तुम्हारा भी नुकसान होगा और पार्टी का भी.हालांकि, अदिति फडनीस कहती हैं कि इस मामले में राहुल गांधी की परिपक्वता दिखी है. वो कहती हैं, एक तरह से, जिस तरह के सवाल राजस्थान में लीडरशिप को लेकर उठे थे, उस तरह के सवाल यहां उतने मुखर नहीं हुए, जितना हम सोच रहे थे.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 283 : श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी ने महाराज दशरथ से मांगी विदा

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

श्री राम ने सुमंत जी से कहा, ''आपका बहुत-बहुत आभार सुमंत जी! मेरे प्रस्थान को सुगम बनाने के लिए आपने उचित समय पर रथ तैयार कर रखा है।''

महाराजा दशरथ ने कहा, ''सुमंत जी ही तुम तीनों को अयोध्या की सीमा से बाहर छोड़कर आएंगे पुत्र।''

''जो आज्ञा पिताश्री!'', श्री राम ने कहा।

भगवान श्री राम पिता के निकट ही हैं। सीता जी और लक्ष्मण जी भी अब महाराज दशरथ की ओर आगे बढ़े। तीनों ने महाराज दशरथ के चरण स्पर्श किए।

महाराज दशरथ के मुख से निकला,

''आयुष्मान भवः पुत्र राम!

आयुष्मान भवः पुत्र लक्ष्मण!

सदा सौभाग्यवती भवः पुत्री सीता!''

महाराज दशरथ की आंखों से अपने पुत्रों और पुत्रवधू को आशीर्वाद देते समय आंसुओं की अविरल धार पुनः बहने लगी।

उन्होंने देवी सीता से कहा, ''मुझे क्षमा करना पुत्री! मैं अपने राम को वन जाने से नहीं रोक पा रहा हूं और उसके साथ वन के कठिन जीवन के कष्टों को सहने के लिए तुम भी उसका अनुसरण कर रही हो। पर मैं मिथिला नरेश महाराज जनक को क्या उत्तर दूंगा? तुम्हारा सभी तरह से मंगल और कल्याण जानकर उन्होंने अयोध्या राजवंश में तुम्हारा विवाह किया था। उन्हें क्या पता था कि भावी जीवन में वन प्रस्थान के रूप में तुम्हें अपार दुःख का सामना करना होगा। मैं विदेह नरेश का कैसे सामना कर पाऊंगा?''

''ऐसा ना कहें पिता महाराज बल्कि जब पिताश्री को इस बात की जानकारी होगी तो वे अति प्रसन्न होंगे कि सीता ने अपने नारी धर्म का पालन किया और वह अपने प्रभु के साथ वन को प्रस्थान कर गईं। रही बात मेरी माताश्री की तो वे भी शीघ्र समझ ही जाएंगीं कि यह राज्य के दूरगामी हित को देखते हुए लिया गया निर्णय होगा। वे यह भी जानती हैं कि मैं ज्येष्ठ राजकुमार के साथ वन में आनंदपूर्वक और सुरक्षित रहूंगी।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य - 203

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान विदेशमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, गोंग का अंतिम अंग, समाप्त 13. ईक्षण करना, ना कहना 14. पिता, कर्तक, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परेषण, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चित्रत, लथाथ, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, स्थिचाय पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुभवन लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विकास, लाभदा 11. मारकर, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. रुंधे कपड़े का गद्दा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलचर, वायुचर, जलचौर 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का भारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 202 का हल

भू	कं	प		फा	य	दा		स
प		ल	ला	ट		य	ली	म
ति	ल	क		क	न	क		झ
	क्ष्म				रे			
ग	ण	क		सं	श	य		सी
ह		या	च	क		म	न्न	त
रा	क्ष	स		र	क्ष	क		न
	त्रि				मि			
शा	य	री		का	त	र		गो

सू- दोकू क्र.203

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.202 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6

राशिफल

मेष — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यापार को आगे बढ़ाने में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए आज आप खुद को तैयार रखेंगे। प्रोफेसर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। माता का आशीर्वाद लें।

वृषभ — छात्रों के लिए आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। अगर आप किसी नये बिजनेस की शुरुआत कर रहे हैं, तो घर के बुजुर्गों की राय जरूर लें। आज हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। जीवनसाथी को आज कोई जरूरत की वस्तु उपहार देंगे। माँ कात्यायनी का ध्यान करें, कष्टों से मुक्ति मिलेगी।

मिथुन — आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। किसी विशेष कार्य में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। स्टूडेंट्स को कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा। आपको आज धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखे। दुर्गा माँ को गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाए।

कर्क — आज आपका दिन खास रहने वाला है। संतान आपकी बातों से प्रभावित होंगे। किसी उच्च अधिकारी से आपका पहचान होने के कारण सरकारी कार्यों में फायदा होगा। घर के कार्यों को लेकर महिलाओं की जिम्मेदारियां बढ़ेगी। आज आप सोच-विचार में रहेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाएं।

सिंह — आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप किसी अनुभवी की राय लेकर कार्य करेंगे तो सफलता मिलेगी। इलेक्ट्रानिक कार्यों से जुड़े लोगों को आज अधिक धन लाभ होगा। कारोबारियो को आज बड़ा मुनाफा होने के योग बन रहे हैं। माता को लौंग अर्पित करें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या — आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अगर आपका कार्य शिक्षण संस्थान से जुड़ा है, तो आज लाभ होगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए दिन अनुकूल है। फोन पर आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से बात होगी, जिससे भविष्य में आपको फायदा जरूर होगा। जरूरतमंद की सहायता करें, समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

तुला — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने की बजाय धैर्य से काम लेना चाहिए। किसी भी तरह की यात्रा करने से आज आपको बचना चाहिए, बहुत जरुरी हो तभी यात्रा पर जायें। आज ऑफिस के किसी काम में गलतियों को नजर अंदाज ना करे। मां दुर्गा को मिश्री का भोग लगाएं।

वृश्चिक — आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। कॉन्ट्रैक्ट का कार्य कर रहे लोगों को आज नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। ऑफिस के लोग आपके कार्यों की खूब तारीफ करेंगें। इस राशि के फैशन डिजाईनिंग के छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। मां दुर्गा को खोये का भोग लगायें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

धनु — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बात किसी खास रिश्तेदार से होगी, उनके साथ कोई व्यापार शुरू करने की बात रखेंगे। आज अपने खर्चों को नियंत्रित करने के लिए नयी योजना बनायेंगे। आज अपना कार्य अच्छी तरह से पूरा करने पर वाहवाही मिलेगी। बंदर को केला खिलाएं, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

मकर — आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। करियर को लेकर आज आप कुछ अच्छे फैसले लेंगे। आज आप अपने कार्यों को समय से पूरा करने में सफल होंगे। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने से पहले घर में विचार विमर्श जरूर करें। मेडिकल की पढाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर का सहयोग मिलेगा।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज उच्च अधिकारियों से परिचय आपके काम आयेगा। करियर में तरक्की के योग बन रहे है। शाम को परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगें। पहले से लिए गए फैसले आपको बेहतर फल देंगे। महिलाए आज शॉपिंग करने में थोडा बिजी हो सकती है।

मीन — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में नये विचारों पर अमल करने के लिए दिन अच्छा है। आज जिस कार्यो को करने की सोचेंगें, उसमें कामयाबी मिलेगी। घरेलू कार्यो को पूरा करने में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे।

सामयिक चर्चा

अखबार की उत्सुकता रहेगी

''हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक,
जम्मू-कश्मीर में जीता
नेशनल कान्फ्रेंस गठबंधन।''-
हेड लाइन पढ़ कर,
बानी बोले-''कहिए,
अब क्या कहता है आपका मन?''
गजाधर मुस्कराए बोले-
''देखो, हरियाणा में हो गई
फिर डबल इंजन सरकार।
तो वहां के बारे में
अब क्या कहना है यार!
मस्त-मस्त चलेगी सरकार।
पर हाँ! जम्मू-कश्मीर में
होगी गठबंधनी सरकार।
इसलिए स्वाभाविक है,
केन्द्र और राज्य में,
जब-तब होगी बहस-तकरार।
और हम तब,
आपसे, बड़ी उत्सुकता से कहेंगे-
जल्दी पढ़ो बानी!
क्या कहता है, आज अखबार!''

गिरीश बख्शी

लघुकथा

// संभावित भय //

भारती सेकंड टाइम प्रेगनेंट थी। महेश भी बहुत खुश था। हसबैंड-वाइफ दोनों प्रेजेंट प्रेगनेंसी टेस्ट के लिए कल्याणी नर्सिंग होम जा रहे थे। पहले मंदिर जाना उचित समझा। चौखट पर पहुँचते ही हाथ जुड़ गये। सर नत हो गये। आँखें मूँद गयीं। दोनों की दिली चाहत एक थी- ''हे जगद्जननी मातेश्वरी दुर्गे! हम अपनी पहली संतान बेटी पाकर बहुत खुश हैं। अब हमें सिर्फ बेटा ही चाहिए। अगर बेटा हुआ तो तुम्हें श्रृंगार चढ़ाएँगे माँ। व्रत रखेंगे। तेरे दर पे घी का ज्योत जलाएँगे। बस हमें एक बेटा दे दो माँ । हमें बहुत खुशी होगी।' चाहत की प्रस्तुति लहर एकाएक थोड़ी धीमी हुई- 'दिस टाइम, हमें बेटी की कोई इच्छा नहीं है। बेटी हुई तो हम टूट जाएँगे। अगर रिपोर्ट में ऐड ए फिमेल की जानकारी मिली तो हमें मजबूरन नेक्स्ट् अटेम्प्ट् की जरूरत पड़ सकती है।' चेहरे पर मुस्कान लिये वे मंदिर से निकल पड़े। पर अपने हिंद-अंग्रेजियत माँ-बाप की बातें सुन उस अजन्मे को बहुत दुख हुआ। अब वह एक ही संभावित भय से काँप रही थी।

टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

//गीत//

मईया जगमग-जगमग हो

मईया जगमग-जगमग हो...
मईया जोत बरे हे जगमग हो
नव दिन अउ नव रात मईया
भगत मन तोर सेवा करईया
मईया जगमग-जगमग हो...
तोरे भगत तोरे जस गावय
तोर चरणन म माथ नवावय
तोर सेवा करके ओ मईया
भाग अपन सुग्घर बनावय
मईया जगमग-जगमग हो...
तोर मंदिर ह जगमग लागय
भगत मन माता-सेवा गावय
झाँझ मंजीरा मांदर बजाके
जस-गीत ल सब तोर गावय
मईया जगमग-जगमग हो...

सरग बरोबर तोर मंदिर हावय
जगर-मगर जोत तोर लागय
हरियर-हरियर जवांरा दमके
तोर चरण म सुग्घर लहरावय
मईया जगमग-जगमग हो...
शंख बाजय तोर घण्टी बाजय
जुर-मिल सब आरती उतारय
कहर-महर हुम-धूप महकय
लाली फुलवा चरण म चढ़ावय
मईया जगमग-जगमग हो...

अशोक पटेल ''आशु''
तुस्मा, शिवरीनारायण(छ.ग.)
9827874578

माँ भानेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति सिंघोला

नव जागृति दुर्गा उत्सव समिति औंरी

हरदी - नव जागृति दुर्गा उत्सव समिति औंरी


अंवती चौक घुमका

आजाद चौक घुमका

इंद्रा वास घुमका (2)

इंद्रा वास घुमका

इंद्रा वास घुमका

गांधी चौक घुमका

बजरंग चौक घुमका

बस स्टैंड घुमका


बाम्हण पारा घुमका

पहला कॉलम...

नवरात्रि पर्व के विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए जगजीत सिंह भाटिया

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेंगाकठेरा, मांगाटोला, काहड़कसा, सोनसाटोला, खपराभाठ में नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्रामीणों द्वारा भजन, जसझांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री भाटिया ने कहा कि प्राचीन काल से ही गांव की सुख समृद्धि कल्याण के लिए नौ दिन तक मां दुर्गा स्थापना कर आराधना करते है। हिंदुओं का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस अवसर मुख्यरूप से किशोर यादव जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया, हुमन चंद्रवंशी, छन्नू लाल साहू, द्वारका प्रसाद, रिखू राम साहू, कामता प्रसाद, देवेंद्र सरवा, श्रीमती सतरूपा चंद्रमा सरपंच डोंगरगांव, नारद टेंबुरकर, ईश्वर साहू, कन्हैया साहू, सूर्यप्रकाश सिंह राजपूत मौजूद रहे।

रेल्वे फुटबाल ग्राउंड में रास गरबा का समापन

डोंगरगढ़ (दावा)। रेल्वे इंस्टीट्यूट डोंगरगढ़ एवं न्यू फ्रेण्ड्स क्लब डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गरबा रास का 2 दिवसीय शुभारंभ दिनांक 8 अक्टूबर और समापन 9 अक्टूबर को हुआ। इस गरबा रास को न्यू फ्रेण्ड्स क्लब के महिला विंग्स के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आज के इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मोटी सिंह, डीकेश राव और इंस्टीट्यूट के सचिव एस वेंकट स्वामी उपाध्यक्ष अंजय निगम न्यू फ्रेण्ड्स क्लब के अध्यक्ष एन नागेंद्र, सचिव एस सत्यम स्वामी, कोशाध्यक्ष मनीष ग्वाला, सहसचिव जुनैद, अभय करसे, कार्यकर्ता तरण बोपचे, अमिश मरकाम, सौरभ मेहर, योगेंद्र साहू स्टेण्डली फाक, दुर्गेश साहू, रितेश हुमने एव अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पथरी में कल छत्तीसगढ़ी नाच

जोंधरा (दावा)। समीपस्थ ग्राम पथर्री में प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी दुर्गा नवमी के अवसर पर 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा ग्राम मुरमाड़ी वालों का आयोजित किया गया है। विदित हो दुर्गा नवमी के अवसर पर विगत 40 वर्षों से ग्राम पथर्री में रामलीला का आयोजन होते आ रहा है, इसके पश्चात रावण वध किया जाता है। ग्रामीण नागेश्वर वर्मा ने इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीण से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

गरबा महोत्सव फ्री ग्रुप में खैरागढ़ कालेज प्रथम स्थान प्राप्त

खैरागढ़ (दावा)। नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा फतेह मैदान में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव 2024 फ्री ग्रुप में रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि गरबा नृत्य दल प्रभारी डॉ. मेधाविनी तुरे के कुशल नेतृत्व में रानी रश्मिदेवी कालेज एवं शासकीय नवीन कन्या कालेज के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट मनमोहक प्रदर्शन कर दर्शकों के मन में विशेष स्थान बनाकर अनुशासित रुप से अपने प्रतिभा प्रदर्शन कर फ्री ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतिवर्ष कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा गरबा महोत्सव में शामिल होकर सम्मानित स्थान प्राप्त करते हैं। कालेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे, डॉ. मेधाविनी तुरे, छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव, प्रो. रोहित देवांगन ने छात्र वासु सिंह, नियति सिंह, देव सारथी, सचिन साहु, दौलत मंडावी, किशन, अर्पित सिंह, देवेन्द्र, रितेश, प्रीति, मांशी, निकिता, अपूर्वा, मुस्कान, नीतू, काजल, मोनिका, अंजलि सहित गरबा में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को बधाई शुभकामनाएं दी।

उमरवाही में मुक्तिधाम को लेकर प्रशासन की बेबसी या पंचायत का गैर जिम्मेदाराना रवैया

(राजेश मेश्राम)

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम उमरवाही में आय पर्यन्त मुक्तिधाम का निर्माण नहीं हो पाया है, जाहिर सी बात है कि इन परिस्थितियों में बारिश के दिनों में दाह संस्कार करना ग्रामीणों को कितना भारी पड़ता होगा।

ग्रामीणों की मांग पर मुक्तिधाम के लिए शासन से मनरेगा के तहत राशि स्वीकृति तो प्रदान कर दी गई है बावजूद इसके उमरवाही में मुक्तिधाम का निर्माण नहीं करवाया जा रहा है।

जहां पंचायत के मुखिया मुक्तिधाम निर्माण अब तक नहीं करवाये जाने को लेकर तर्क देते हैं वहीं छुरिया जनपद के जिम्मेदार अधिकारी मुक्तिधाम निर्माण में मजदूर ना मिलने का कारण बताते हैं। इस बीच ग्रामीण बीच में ही पीछे जा रहे हैं, जिससे उनमें लगातार आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

क्या कहते हैं उमरवाही सरपंच

मजदूरों की आवश्यकताए तात्कालिक होती है उन्हें एक सप्ताह कम करने के बाद पैसों की आवश्यकता होती है मनरेगा के तहत मास्टर रोल में काम करना होता है और उसकी राशि खाते में कब आएगी उसका कोई ठिकाना नहीं होता इसलिए मिस्त्री वर्ग के लोग काम करने से हिचकते हैं, साथ ही निर्माण कार्य के लिए सामग्री क्रय करना होता है सीमेंट छड़, रेत अब जबकि आचार संहिता लगने वाला है कोई भी व्यापारी सामग्री उधारी में नहीं देना चाहता ।

जनपद तकनीकी सहायक के जवाब

छुरिया जनपद में पदस्थ एवं क्षेत्र के तकनीकी सहायक नीतीश दामले से जब प्रतिनिधि ने बात की तो उन्होंने कहा कि शासन की तरफ से मनरेगा के तहत मुक्तिधाम के लिए राशि स्वीकृत है कार्य एजेंसी पंचायत होता है पर पंचायत के सरपंच द्वारा लगातार मजदूर नहीं मिलने की बात कही जा रही है जिसके कारण ही अब तक मुक्तिधाम का निर्माण प्रारंभ नहीं करवाया जा सका है।

ग्रामीण मुकेश भुवार्य, ठाकुर राम, रामाधीन रावटे, कन्हैया गांवरे, रामदास, संतराम, टोमन भागीरथी राणा आदि ने जिलाधीश से मांग की है कि ग्राम उमरवाही में मुक्तिधाम निर्माण हेतु अपने अधीनस्थ जिम्मेदार अधिकारी को आदेशित एवं निर्देशित करने की मांग की है ।

आज मां बम्लेश्वरी का कालरात्रि अभिषेक

रात्रि 11.30 बजे से 12.30 के मध्य मंदिर का पट बंद रहेगा

डोंगरगढ़(दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित ऊपर एवं नीचे स्थित छोटी मां बम्लेश्वरी मंदिर में सप्तमी एवं अष्टमी के मध्य रात्रि 10 अक्टूबर को माताजी का कालरात्रि अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान रात्रि 11.30 बजे से 12.30 के मध्य मंदिर का पट बंद रहेगा।

पट बंद होने के एक घंटे पूर्व दर्शनार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें नीचे ग्राउंड पर ही रोका जायेगा। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति और प्रशासन ने इस दौरान दर्शनार्थियों से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि दर्शनार्थी गण रोके जाने पर धक्का-मुक्की न करें। अपनी बारी आने का इंतजार करें और इस दौरान पुनः दर्शन आरम्भ होने के पूर्व नीचे मंदिर मेला ग्राउंड एवं अन्य मंदिरों में दर्शन कर समय व्यतीत करें।

12 अक्टूबर को ज्योती विसर्जन

मां बम्लेश्वरी मंदिर में 11 अक्टूबर को अष्टमी के अवसर पर प्रातः 9 बजे से ऊपर मंदिर में और संध्या 7 बजे से नीचे मंदिर में हवन व पूर्णाहुति होगी एवं 12 अक्टूबर को प्रातः 4 बजे ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर एवं संध्या 7 बजे से नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में ज्योति विसर्जन होगा।

गंडई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचालन हुआ

गंडई-पंडरिया (दावा)। नगर में बुधवार 9 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पथ संचालन एवं विजयादशमी उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता चंद्रमणि चौबे, मुख्य वक्ता संघ के जनजातीय प्रमुख सतीश गोकुल पंडा एवं खंड संघ चालक अमीलाल शिवहरे मंच में उपस्थित रहे। गंडई के वार्ड 8 स्थित मैदान में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अमृतवचन, सुभाषित व गीत के पश्चात मुख्य वक्ता का उदबोधन हुआ।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता चंद्रमणि चौबे ने अपने उदबोधन में कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को आत्म कल्याण का मार्ग दिखाया। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि युद्ध के मैदान में सुख दुख, लाभ हानि को त्याग करके युद्ध के कर्म को करो। अर्जुन तुम नियत कर्म को नही करोगे उचित नही है। आज हमारे संस्कृति में संकट छाया हुआ है। जिसे संघ के स्वयं को देश के संस्कृति की रक्षा करनी है और जो पिछड़े है उसे आगे लेकर आना है। हम राष्ट्र के लिए समर्पित हो। संघ व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण के लिए शाखा पद्धति का निर्माण हुआ। व्यवस्था परिवर्तन के लिए विविध संगठन का निर्माण हुआ।

संघ के प्रांतीय जनजातीय प्रमुख सतीश गोकुल पंडा ने उदबोधन में कहा की संघ ताली और फोटो से दूर रहता है। हमारा देश ज्ञान के शिखर में रहा है। माँ दुर्गा ने राक्षसों का वध किया, शिवजी ने हिंदू स्वराज का आज ही के दिन संकल्प लिया। आज ही के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। आज का दिन असत्य पर सत्य की विजय का दिन है। संघ की स्थापना हिन्दू समाज के स्वाभिमान को पुर्नस्थापना के लिए किया गया, संघ हिन्दू समाज को संगठित करने के लिए हुआ ।

कार्यक्रम में ब्राम्हण समाज से गोपाल तिवारी, राजपूत समाज दिनेश बैस, महेश सोनी, संघ के रमेश वर्मा, नीरज दुबे, उत्तम राजपूत, रामा साहू, विशाल मारुतकर, पन्ना मंडावी आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने की भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा

डोंगरगांव (दावा)। भाजपा द्वारा पूरे देश भर में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में उन्होनें सदस्यता अभियान को और अधिक गति प्रदान करने हेतु सभी कार्यकर्ताओं से 15 अक्टूबर तक निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जुट जाने का आव्हान् किया।

बैठक का शुभारंभ मां भारती, पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप पूजन से हुआ। पश्चात् मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता डोंगरगांव भाजपा मंडल में अभी तक हुए सदस्यता अभियान की सिलसिलेवार जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही उनके द्वारा सेक्टरवार वितरित किये गये सदस्यता पुस्तिका, ऑनलाईन सदस्यता अभियान सहित अन्य जानकारी दी। तत्पश्चात् जिला सदस्यता प्रभारी सुश्री आभा तिवारी ने बैठक में अभियान की प्रारंभिक समीक्षा करते हुए कहा कि डोंगरगांव मंडल कुछ दिनों पूर्व अभियान में जिले भर में दूसरे स्थान पर था, लेकिन अब यह पिछड़ चुका है। पुनः मंडल को पहले व दूसरे स्थान में आने के लिए कार्यकर्ताओं को थोड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होनें सभी का उत्साहवर्धन करते हुए तीव्र गति से अपने अपने क्षेत्र में जुट जाने का आव्हान् किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता तथा 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व अध्यक्ष खूबचंद पारख ने भाजपा के भूतकाल से लेकर वर्तमान तक की संघर्षयात्रा का बखान करते हुए कहा कि हजारों लाखों लोगों की त्याग और तपस्या का फल आज हमें मिल रहा है। हम देश ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दावा ऐसे ही नहीं करते। साथ ही देश में सर्वाधिक राज्यों में अपनी सरकार होना भी यह दर्शाता है कि हमारे पूर्वजों ने किस तरह त्याग, तपस्या और बलिदान के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने में अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होनें भाजपा के सक्रिय सदस्य बनाये जाने की प्रक्रिया सहित अन्य बातों का उल्लेख करते हुए बताया कि सदस्यता अभियान का ऑनलाइन पोर्टल आगामी 15 अक्टूबर से बंद हो जाएगा। इसके पश्चात सभी प्रभारी एवं पदाधिकारी ऑफलाइन पद्धति एवं मैनुअल रूप से सदस्य के जोड़ने की प्रक्रिया को निरंतर जारी रखते हुए सदस्यता अभियान के कार्य को गति प्रदान करेंगे।

उन्होंने अधिकाधिक संख्या में भाजपा परिवार में सदस्यों को जोड़ने सहित उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान को मजबूत बनाने हेतु विभिन्न निर्देश देते हुए उनके कार्यों की सराहना भी की एवं कार्य को आगे जारी रखने हेतु प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद रानू जैन (राजनांदगांव), सदस्यता अभियान प्रभारी जागेश्वर यादव राजू, डिकेश साहू, महामंत्री संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, तरूण नायक, रोहित साहू, रूखम चंद्रवंशी, निर्मला सिन्हा, कोमल साहू, टुम्मन साहू, दिनेश साहू, दिलीप साहू, जितेन्द्र सिन्हा, राकेश देवांगन, मोहन सिन्हा, दयानंद सेन, मनबोधी पटेल, पुरूषोत्तम साहू, चंद्रेश श्रीवास, सतीश पाण्डेय, प्रवेश ठाकुर, जनक साहू, राधेश्याम कमरिया, पूनमसिंह राजपूत, तखतराम सोनकर, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नवरात्रि पर्व पर राजा फतेह सिंह खेल मैदान में जमा रास गरबा महोत्सव का रंग

सांसद संतोष पांडे ने किया तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव का समापन

खैरागढ़ (दावा)। नवरात्रि पर्व के दौरान संगीत नगरी के राजा फतेह सिंह मैदान में नगर दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक व जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की अगुवाई में सात साल के लंबे अंतराल के बाद तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव की धूम रही। रंग बिरंगी रोशनी, शानदार संगीत और मातारानी की भक्ति से ओत-प्रोत इस रास गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रास गरबा के दौरान विभिन्न श्रेणियों में लगभग ढाई हजार प्रतिभागियों एक साथ, एक ही जगह पर आकर्षक रंग-बिरंगे वेशभूषा में शानदार प्रदर्शन किया। माता रानी की पूजा अर्चना के साथ गरबा उत्सव का शुभारंभ करते हुए नगर दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि लगभग सात साल के लंबे अंतराल के बाद मैदान में रास गरबा महोत्सव का आयोजन दुबारा प्रारंभ होना काफी सुकून का एहसास दिला रहा है। अल्प अवधि में योजना को क्रियान्वित कर वृहद स्तर पर सारी तैयारी करने के लिये दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों की जितनी सराहना की जाए कम होगी। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर सहित सारे पार्षदों को नये सिरे से उत्सव प्रारंभ करने के लिये बधाई व शुभकामनाएं दी।

माता रानी के आराधना का पर्व नवरात्रि के दौरान राजा फतेह सिंह खेल मैदान मे आयोजित तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव का समापन राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय, नगर दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी मे हुआ। नगर दशहरा उत्सव समिति व नगर पालिका द्वारा आयोजित महोत्सव के तीनो दिन जमकर भीड़ उमड़ी, ढाई हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने अलग-अलग वर्ग में अपने हाथों में डांडिया थामकर, रंग बिरंगे आकर्षक परिधानों में लाइव म्यूजिक के साथ पर्व की मर्यादा और गरिमा का विशेष ध्यान रखते हुए जमकर गरबा खेला। जिसे देखने मैदान मे ऐसी भीड़ उमड़ी की पांव रखने के लिए लगह नही बची।

इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय ने संगीत नगरी में आयोजित रास गरबा उत्सव की सराहना करते हुए कहा, कि प्रदेश के अन्य जगहो में भी इस तरह वृहद स्तर का आयोजन होना चाहिए। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि अल्प अवधि में गरबा खेलने के लिए मैदानी तैयारी के साथ अन्य व्यवस्था को लेकर समिति सदस्यो ने सराहनीय काम किया है। इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, तीरथ चंदेल, विकेश गुप्ता,रामाधार रजक, आयश सिंह बोनी, राकेश सिंह, सूर्यदमन सिंह, अनुज देवांगन, तरूण सिंह, शिवादित्य सिंह, शैलेंद्र वर्मा, आलोक श्रीवास, विनय देवांगन, रेखा गुप्ता, रूपेंद्र रजक, देविन कोठले, निलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, पुष्पा सिंदूर, दिलीप लहरे, सुमीत टांडिया, दिलीप, राजपूत, सुमन पटेल, कमलेश कोठले, महेश गिरी गोस्वामी, ऋषभ सिंह, पीयूष पटेल, लाल शौर्यादित्य सिह, अंकित तिवारी, शशांक ताम्रकार, अभिषेक सिंह, अनीष सिंह, शुभम ठाकुर, नितिन यादव, कुश सिंह, पवन सिंह, प्रेम सागर गुप्ता, रविंद्र सिंह, धर्मेंद्र सांखला, आकाश चौहान, सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु मौजूद थे। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एएसपी नेहा पांडेय, एडीएम प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने भी मैदान का भ्रमण कर प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन किया। रास गरबा महोत्सव के अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा अलग-अलग वर्ग के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें मिनी ग्रुप से 'इलिजिएम पब्लिक स्कूल दाऊचौरा को पहला, ब्राइट स्पार्क स्कूल सिविल लाइन को दूसरा और अवंति पब्लिक स्कूल दाऊचौरा को तीसरा स्थान मिला। जूनियर ग्रुप में आदर्श कन्या पूमाशा खैरागढ़ को पहला, पदुमलाल पुन्नालाल पूमाशा को दूसरा और खपरी सिरदार पूमाशा के समूह को तीसरा स्थान मिला। सीनियर ग्रुप की प्रस्तुति में 'वेसलियन स्कूल पहले, सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक मंदिर दूसरे और विवेकानंद हाईस्कूल तीसरे स्थान पर रहा। मुक्त समूह के प्रदर्शन मे रानी रश्मि देवी कॉलेज को पहला, इंदिरा कला संगीत विवि के वेदांत सिंह के ग्रुप को दूसरा और डाइट के गरबा ग्रुप को तीसरा स्थान मिला। महोत्सव में खैरागढ़ 'आइडल का पुरस्कार नुपुर गरबा ग्रुप को आकर्षक वेशभूषा के लिए प्रज्ञा गरबा ग्रुप को, स्वच्छता के लिए केविन्स अनबेटेबल को, अनुशासन के लिए स्वामी आत्मानंद कन्या हाईस्कूल हिंदी माध्यम और उभरते सितारे का सम्मान प्राथमिक शाला पिपरिया को मिला। इसके अलावा मिनी ग्रुप से मिस्टर प्रिंस का खिताब ब्राइट स्पार्क स्कूल के अथर्व सिंह को, मिस प्रिंसेस का खिताब इलिजियम स्कूल की वंशिका निषाद को मिला। सीनियर्स से मि. इवनिंग इंदिरा कला संगीत विवि के चंदन साहू और मिस इवनिंग केंद्रीय विद्यालय की पृथा सिंह बनी। गरबा महोत्सव में शामिल सभी समूहों को समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

गरबा महोत्सव मे शामिल प्रतिभागियों के अलावा देखने आने वालो की भीड़ को संभालने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अंबेडकर चौक से लेकर ईतवारी बाजार तक हर चौराहे पर जवानों ने आने जाने वालो को संभाला, चाक चौबंद व्यवस्था के चलते किसी प्रकार की घटना दुर्घटना भी रास गरबा महोत्सव के दौरान नही हुई।

पहला कॉलम...

हार्दिक पांड्या ने आईसीसी रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग

भारत और बांग्लादेश के बीच खेली जा रही टी20 मैचों की

सीरीज के बीच आईसीसी की ओर से नई रैंकिंग जारी कर दी गई है। टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों में शुमार हार्दिक पांड्या ने ऑलराउंडर्स की लिस्ट में लंबी छलांग मारी है। बांग्लादेश के खिलाफ अभी दो मैच बाकी हैं, अगर इसमें भी हार्दिक ने अच्छा खेल दिखाया तो वे दुनिया के नंबर एक ऑलराउंडर बन सकते हैं। उनसे आगे अब दो ही खिलाड़ी हैं।

आईसीसी की ओर से जारी की गई नई टी20 रैंकिंग में ऑलराउंडर्स की लिस्ट में इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टन पहले नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग इस वक्त 253 की है। वहीं दूसरे नंबर पर नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी हैं। उनकी रेटिंग 235 की है। भारत के हार्दिक पांड्या एक साथ चार स्थानों की छलांग लगातार सीधे नंबर तीन पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग इस वक्त 216 की है। इससे पहले भी वे नंबर एक पर रह चुके हैं, लेकिन इसके बाद नीचे चले गए थे। अब फिर से उन्होंने छलांग लगानी शुरू कर दी है। हार्दिक पांड्या के आगे जाने से कई खिलाड़ियों को नुकसान हुआ है। वे मार्कस स्टॉयनिस अब 211 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर चले गए हैं, उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है, वे अब 208 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर हैं। वानिंदु हसरंगा एक स्थान के नुकसान के साथ अब नंबर 6 पर हैं। उनकी रेटिंग 206 की है। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी भी एक स्थान नीचे आए हैं। वे 205 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर हैं। इसके अलावा टॉप की रैंकिंग में कोई भी बदलाव नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अब 2028 तक बढ़ी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जुलाई 2024 से दिसंबर 2028 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) सहित सभी सरकारी योजनाओं के तहत फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि चावल फोर्टिफिकेशन पहल पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में सरकार की ओर से 100 प्रतिशत वित्त पोषण की पहल के रूप में जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि देश में पोषण सुरक्षा की आवश्यकता पर पीएम मोदी के जोर देने के बाद एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए ÷लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), अन्य कल्याणकारी योजनाओं, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), पीएम पोषण (पूर्ववर्ती एमडीएम) में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति÷ करने पहल की गई थी। अप्रैल 2022 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (ष्ठष्टश्व्र) ने मार्च 2024 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में चावल फोर्टिफिकेशन पहल को लागू करने का निर्णय लिया था। तीनों चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं और सरकार की सभी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के लिए संपर्ण कवरेज का लक्ष्य मार्च 2024 तक हासिल कर लिया गया है।

अमेरिका में तबाही मचाने आ रहा विनाशकारी तूफान, 2100 फ्लाइट रद्द

टैंपा। अमेरिका में मिल्टन तूफान से तबाही की आशंका है। तूफान

मंगलवार को फ्लोरिडा के टैंपा खाड़ी तट की ओर बढ़ रहा है। तूफान के मद्देनजर फ्लोरिडा में प्रशासन ने तटवर्ती क्षेत्रों को खाली करने के आदेश दिए हैं। 10 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा गया है। हेलेन तूफान के तबाही मचाने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद विशाल तूफान आया है। मिल्टन तूफान बुधवार को तट से टकरा सकता है, जिससे फ्लोरिडा के घनी आबादी वाले पश्चिमी तट में खतरा पैदा हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने कहा, मिल्टन पश्चिम-मध्य फ्लोरिडा के लिए अब तक के सबसे विनाशकारी तूफानों में से एक हो सकता है। टैंपा खाड़ी के उत्तर और दक्षिण में तटीय रेखा के साथ 10 से 15 फीट लहरों की आशंका है। 127 से 254 मिमी या उससे अधिक बारिश के पूर्वानुमान है। इससे बाढ़ आने का भी खतरा है। लगभग 900 घरेलू और अंतराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हुई है। लगभग 700 उड़ानें रद की गई हैं। बुधवार के लिए निर्धारित 1,500 से अधिक उड़ानें रद कर दी गई हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन 10-15 अक्टूबर की जर्मनी और अंगोला की अपनी यात्रा मंगलवार को स्थगित कर दी है।

भारत ने बांग्लादेश को दूसरे टी20 में 86 रनों से हराया, सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई

नई दिल्ली। भारत ने बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 86 रनों से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह के शानदार अर्धशतकों से 20 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी। भारत ने इसके साथ ही तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया था।

बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन महमूदुल्लाह ने बनाए जो 39 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से बल्ले के बाद गेंद से नीतीश रेड्डी ने उम्दा प्रदर्शन किया और दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, पिछले मैच में प्रभावित करने वाले स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी दो विकेट लिए। दिलचस्प बात यह रही कि भारत के हर गेंदबाज को विकेट मिला। नीतीश और वरुण के अलावा अर्शदीप सिंह, वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा, मयंक यादव और रियान पराग के खाते में एक-एक विकेट आए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की बल्लेबाजी काफी खराब रही और महमूदुल्लाह को छोड़कर अन्य कोई बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सका। बांग्लादेश ने नियमित रूप से विकेट गंवाए और उसके बल्लेबाज साझेदारी नहीं निभा सके जिसका उसे काफी नुकसान उठाना पड़ा। भारत के लिए अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे नीतीश रेड्डी ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया और बल्ले के बाद गेंद से भी अहम योगदान दिया। भारत ने इस तरह टी20 में बांग्लादेश के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखा है। दोनों टीमों के बीच अब इस सीरीज का अंतिम मुकाबला 12 अक्तूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा।

बांग्लादेश की पारी हुई फ्लॉप

इस बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश के लिए शुरुआत अच्छी नहीं हुई और वें लगातार अंतराल पर ही विकेट गवाते हुए चले गए थे। बांग्लादेश अपने निर्धरित 20 ओवरों में 9 विकेट खो कर 135 रन ही बना पाई। भारत के सभी गेंदबाजों ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को परेशान करते हुए विकेट चटकाए है। भारत की तरफ से 7 गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है और सभी के नाम कम से कम एक विकेट है। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ति ने इस मुकाबले में एक बार फिर से कमाल किया है और 2 विकेट चटकाए है।

आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती की दिशा में पहला कदम उठाया

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अपनी नीतिगत दर यानी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन ब्याज दरों में कटौती की दिशा में पहला कदम उठा दिया है। केंद्रीय बैंक अपनी अपेक्षाकृत आक्रामक नीतिगत रुख को तटस्थ कर दिया है। पैनल ने सर्वसम्मति से नीतिगत रुख को तटस्थ करने का फैसला किया है। मौद्रिक नीति समिति, जिसमें आरबीआई के तीन अधिकारी और समान संख्या में नए बाहरी सदस्य शामिल थे, ने बेंचमार्क पुनर्खरीद या रेपो दर - जो घर, ऑटो, कॉर्पोरेट और अन्य ऋणों की ब्याज दर को नियंत्रित करती है - को 10वीं लगातार नीति बैठक के लिए 6. 5 प्रतिशत पर रखने के लिए पांच-से-एक वोट दिया। ब्याज दरों में आखिरी बार फरवरी 2023 में बदलाव किया गया था, जब उन्हें 6. 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6. 5 प्रतिशत किया गया था। एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च की मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुमन चौधरी ने कहा कि हालांकि एमपीसी ने दरों में कटौती के बारे में कोई स्पष्ट मार्गदर्शन नहीं दिया है, लेकिन संभावना है कि यह इस साल दिसंबर या फरवरी 2025 में दरों में कटौती करेगी, बशर्ते मुद्रास्फीति का माहौल स्थिर हो और अगले कुछ महीनों में मुख्य मुद्रास्फीति लगातार 4. 5 प्रतिशत के भीतर रहे। आईसीआरए लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान एवं आउटरीच प्रमुख अदिति नायर ने कहा कि एमपीसी समीक्षा ने रुख में बदलाव करके लचीलेपन को प्राथमिकता दी है।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरुआती मैच से बाहर हुए विलियमसन

वेलिंगटन। केन विलियमसन के भारत रवाना होने में देरी होगी और हाल ही में कमर में खिंचाव के कारण वह बेंगलुरु में होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। विलियमसन को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान असहजता महसूस हुई थी और भारत में टीम में शामिल होने से पहले उन्हें रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार (9 अक्टूबर) को एक मीडिया विज्ञप्ति में उक्त जानकारी दी। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने उम्मीद जताई कि विलियमसन रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद सीरीज में बाद में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे।

वेल्स ने कहा, हमें जो सलाह मिली है, वह यह है कि केन के लिए सबसे अच्छा उपाय यह है कि वह चोट को और बढ़ाने के जोखिम के बजाय आराम करें और पुनर्वास करें। हमें उम्मीद है कि अगर पुनर्वास योजना के अनुसार होता है तो केन दौरे के उत्तरार्ध के लिए उपलब्ध होंगे। हालांकि दौरे की शुरुआत से केन का उपलब्ध न होना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है, लेकिन यह किसी और को एक महत्वपूर्ण श्रृंखला में भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है।

मार्क चैपमैन, जो टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, विलियमसन के कवर के रूप में टीम में शामिल होंगे। न्यूजीलैंड की व्हाइट-बॉल टीमों में नियमित रूप से खेलने वाले चैपमैन का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41.9 है, जिसमें छह शतक शामिल हैं, जिसमें 2020 में भारत ए के खिलाफ एक शतक भी शामिल है।

जो रूट ने टेस्ट में 35वां शतक जड़ा और हैरी ब्रूक के अर्धशतक से इंग्लैंड 370 रन के पार

मुल्तान। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला मुल्तान में खेला जा रहा है। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी जारी है। इंग्लिश टीम ने तीसरे दिन तीन विकेट गंवाकर 370 से ज्यादा रन बना लिए हैं। जो रूट ने टेस्ट करियर का 35वां शतक जड़ा। उनका शानदार फॉर्म जारी है। वहीं, हैरी ब्रूक ने भी टेस्ट में 10वां अर्धशतक लगाया। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। इंग्लैंड की टीम अभी पाकिस्तान के स्कोर से 150+ रन पीछे है।

इंग्लैंड की टीम ने बुधवार को एक विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरू किया और एकमात्र झटका अब तक जैक क्राउली के रूप में लगा। क्राउली को शाहीन अफरीदी ने आमिर जमाल के हाथों कैच कराया। उन्होंने 85 गेंद में 13 चौके की मदद से 78 रन की पारी खेली। उन्होंने रूट के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद बेन डकेट ने रूट के साथ 136 रन की साझेदारी की।

मुंबई की 16 सदस्यीय टीम में शामिल हुए तनुश कोटियन

मुंबई। ईरानी कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद तनुश कोटियन को 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024-25 के पहले दो राउंड के लिए 16 सदस्यीय मुंबई टीम में शामिल किया गया है। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए में, मुंबई शुक्रवार को वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में बड़ौदा से भिड़ेगी।

रणजी ट्रॉफी में एलीट ग्रुप ए की अन्य टीमें जम्मू और कश्मीर, सर्विसेज, मेघालय, त्रिपुरा और ओडिशा हैं। मुंबई 18 अक्टूबर से शरद पवार क्रिकेट अकादमी में महाराष्ट्र की मेजबानी करेगी राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेटर कोटियन अच्छी फॉर्म में हैं और वह मौजूदा रणजी ट्रॉफी अभियान में आगे बढ़ रहे हैं। कोटियन पिछले महीने अनंतपुर में दलीप ट्रॉफी 2024 जीतने वाली इंडिया ए टीम का हिस्सा थे। 25 वर्षीय तनुश ने तीन मैचों में 22.00 की औसत और 45.60 की शानदार स्ट्राइक रेट से 10 विकेट लिए। उन्होंने 121 रन भी बनाए। दलीप ट्रॉफी जीतने के बाद, इस ऑलराउंडर ने मुंबई को 27 साल बाद ईरानी कप जीतने में मदद की। उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक बनाया और दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर अपनी टीम को खतरनाक स्थिति से उबारा। उन्होंने उसी मैच में तीन विकेट भी लिए।

अब एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में ही बनाएंगे खाना ?

नई दिल्ली। एक अध्ययन के अनुसार, बड़े स्पेस मिशन में लंबी अवधि के लिए गए अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खाने की चीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिकों ने एक नई तरकीब ढूंढ निकाली है। द इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एस्ट्रोबायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, अंतरिक्ष में यात्री अपने खाने और पोषण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एस्टेरॉयड्स का उपयोग कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैज्ञानिक अंतरिक्ष में चट्टानों से कार्बन को परिवर्तित करने के लिए सूक्ष्मजीवों का उपयोग करके अंतरिक्ष में भोजन का उत्पादन करने का एक नया तरीका खोज रहे हैं।

यह विचार अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सीमित खाद्य आपूर्ति की समस्या को हल कर सकता है। धैर्य रखें, ऐसे में अंतरिक्ष यात्री चट्टानें नहीं खाएंगे, शोधकर्ताओं का लक्ष्य ऐस्टेरॉयड से कार्बन को खाद्य रूपों में परिवर्तित करना है। अंतरिक्ष में सूखे भोजन को ले जाने की प्रक्रिया सीमित है और अंतरिक्ष में अभी खेती के विकसित होने को संभावना नहीं है। क्योंकि सूखे भोजन के विकल्प प्रतिबंधित हैं तो ऐसे में वैज्ञानिकों ने नई खोज की है। वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग प्रोफेसर जोशुआ पीयर्स ने ऐस्टेरॉयड्स के साथ बैक्टीरिया का प्रयोग कर उसे खाने योग्य बनाने की बात कही है। इस पूरी प्रक्रिया में प्लास्टिक कचरे का उपयोग भी किया जाएया।

इजराइल ने सीरिया में हिजबुल्लाह कमांडर को बनाया निशाना, सात की मौत

दमिश्क। इजराइल ने सीरिया में हिजबुल्लाह के एक कुख्यात कमांडर को निशाना बनाया। इजराइल के दो अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में इजराइल के सुरक्षाबलों ने एक आवासीय इमारत पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। यह हमला ईरानी दूतावास के पास किया गया। सुरक्षाबलों ने हथियारों की तस्करी में शामिल हिजबुल्लाह के कमांडर को निशाना बनाया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में इसका उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सीरिया की राज्य समाचार एजेंसी ने एक सैन्य स्रोत का हवाला देते हुए कहा कि रॉकेटों ने महिलाओं और बच्चों सहित सात नागरिकों की जान ले ली। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि है हमले में हिजबुल्लाह कमांडर मारा गया या नहीं। ईरानी दूतावास ने कहा कि हमले में कोई भी ईरानी नागरिक नहीं मारा गया। ना ही घायल हुआ। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल ने कल दक्षिणी लेबनान में और अधिक सैनिक भेजे हैं। इससे संकेत मिलता है कि इजराइल के सुरक्षा बल जमीनी आक्रमण को और तेज कर सकते हैं।अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के सैन्य अभियान के बाद गाजा का अधिकांश क्षेत्र खंडहर हो गया है। यह पहचान करना मुश्किल है कि गाजा की यह कौन सी बस्ती है।द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल के नागरिक मांग कर रहे हैं कि अब ईरान की परमाणु क्षमताओं को निशाना बनाया जाए। इस बात का समर्थन अमेरिका में भी कुछ लोग कर रहे हैं। कुछ इजराइली अधिकारियों का मानना है कि यह संभव है। सीरिया की सरकारी संवाद समिति सीरियन अरब न्यूज एजेंसी (एसएएनए) के अनुसार इजराइल ने मंगलवार को दमिश्क के मेजाह में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। हमले में सात नागरिक हताहत हुए।

फुटबॉल केन्या फेडरेशन के मुख्य कार्यकारी बैरी ओटिएनो ने दिया इस्तीफा

नैरोबी। फुटबॉल केन्या फेडरेशन (एफकेएफ) के मुख्य कार्यकारी बैरी ओटिएनो ने मंगलवार को औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा शासी निकाय के चुनावों से बमुश्किल दो महीने पहले आया है।

संचार अधिकारी से मुख्य कार्यकारी तक का पद संभालने वाले ओटिएनो ने पांच साल तक इस पद पर काम किया था, जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह अगले एफकेएफ अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं। केन्या की राजधानी नैरोबी में जारी एक बयान में ओटिएनो ने कहा, ÷इस प्रतिष्ठित पद पर पांच साल तक काम करने के बाद, मैंने पद छोड़ने और अन्य अवसरों का लाभ उठाने का फैसला किया है।

प्रथम पेज का शेष

निजी लाभ के लिए मतदाताओं ...

विभिन्न जिलों में शुरू की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के लिए नयी पहल की गई है, जबकि महाराष्ट्र में भारत के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह - वधावन बंदरगाह की आधारशिला भी रखी गई है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के इतिहास में विभिन्न क्षेत्रों में इतनी तेज गति से, इतने बड़े पैमाने पर विकास कभी नहीं हुआ। इससे पहले प्रधानमंत्री ने नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन और शिरडी हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन सहित विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने महाराष्ट्र में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के संचालन का भी शुभारंभ किया और भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस), मुंबई और महाराष्ट्र के विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) का उद्घाटन किया।

रतन टाटा की तबीयत बिगड़ी.

चेयरमैन बनने के बाद रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया था। उन्होंने 2012 तक इस समूह का नेतृत्व किया। इसकी स्थापना उनके परदादा ने की थी। 1996 में टाटा ने टेलीकॉम कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज की स्थापना की और 2004 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को मार्केट में लिस्ट कराया था।

चुनाव आयोग ने खरगे को लिखा ...

चुनाव आयोग ने कहा कि उसे कांग्रेस के 12 सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के लिए बैठक का समय मांगने का अनुरोध मिला है, जिसमें हरियाणा के चुनावी नतीजे अस्वीकार्य वाला बयान देने वाले लोग भी शामिल हैं।

कांग्रेस पार्टी ने क्या लगाए थे आरोप?- हरियाणा में चुनावी नतीजे सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी ने उसे अप्रत्याशित और अस्वीकार्य करने वाला नतीजा बताया था। दरअसल कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि कई सीटों पर नतीजे ईवीएम की मदद से बदल दिए गए। कांग्रेस के अनुसार कई सीटों पर जहां ईवीएम 90 फीसदी बैटरी चार्ज था वहां नतीजे भाजपा के पक्ष में आए और जहां ईवीएम की बैटरी 70-80 फीसदी चार्ज थी वहां कांग्रेस पार्टी ने जीत हासिल की है। जनता के फैसले को स्वीकार करना सीखें कांग्रेस- रिजिजू- हरियाणा चुनाव में हार के लिए चुनाव आयोग से सवाल करने पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टी को जनता के फैसले का सम्मान करना और उसे स्वीकार करना सीखना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर कि विपक्षी पार्टी विधानसभा क्षेत्रों से शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएगी, किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर कहा, अब, ईवीएम और चुनाव आयोग को फिर से दोष न दें। उन्होंने कहा, लोगों के फैसले का सम्मान करना और उसे स्वीकार करना सीखें।

हरियाणा में कांग्रेस की हार से..

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस का प्रभाव बढ़ा था, लेकिन शिवसेना यूबीटी सीटों के बंटवारे में अब अपनी हिस्सेदारी और मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव ठाकरे की दावेदारी के लिए पूरा दम लगाएगी। उद्धव ठाकरे का नया दांव- महाविकास अघाड़ी गठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार की घोषणा के लिए उद्धव ठाकरे का नया दांव भी इसका साफ संकेत है। उद्धव ने मंगलवार को ही कहा कि कांग्रेस या शरद पवार की एनसीपी में से जो भी सीएम का चेहरा सामने लाएगी वे उसका समर्थन करेंगे। पवार की पार्टी सीएम पद की रेस में है ही नहीं।

महाराष्ट्र में कौन होगा सीएम का चेहरा?- उद्धव की अनदेखी कर कांग्रेस चुनाव में अपने चेहरे को आगे लाने का जोखिम नहीं लेगी। ऐसे में उद्धव का बयान साफ तौर पर उन्हें सीएम चेहरा घोषित करने के लिए कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। वैसे शिवसेना यूबीटी के मुखपत्र सामना में भी हरियाणा चुनाव नतीजों को लेकर कांग्रेस की रणनीति पर सवाल उठाते हुए आम आदमी पार्टी से गठबंधन नहीं करने और भूपेंद्र सिंह हुडडा पर अधिक निर्भर होने को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

कांग्रेस पर अहंकार का आरोप- तृणमूल कांग्रेस ने भी बुधवार को कांग्रेस का नाम लिए बिना उस पर अहंकार का आरोप लगाते हुए तीखे हमले किए। टीएमसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता साकेत गोखले ने कहा कि अहंकार और क्षेत्रीय दलों को नीची निगाह से देखना आपदा का कारण बनता है। उनके अनुसार कांग्रेस जहां खुद को मजबूत समझते हुए जीतने की उम्मीद करती है वहां क्षेत्रीय दलों को जगह नहीं देती और यही चुनावी हार का कारण बन रहा है।

गठबंधन के सहयोगियों की अनदेखी- तंज कसते हुए गोखले ने कहा कि जिन राज्यों में वह पिछड़ रहे होते हैं, वहां क्षेत्रीय पार्टियों से उन्हें जगह चाहिए होता है। भाकपा महासचिव डी राजा ने परिणाम आने के तत्काल बाद ही कांग्रेस को गठबंधन के सहयोगियों की अनदेखी नहीं करने की नसीहत दी थी। आप और झामुमो के भी बदले तेवर- आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया ने भी बुधवार को हरियाणा में हार के लिए कांग्रेस के अहंकार को जिम्मेदार ठहराया तो आप ने दिल्ली विधानसभा का चुनाव अकेले अपने बूते लड़ने की बात कही। झामुमो ने अभी चुप्पी साध रखी है मगर यह तय है कि चुनाव में सीट बंटवारे के दौरान कांग्रेस पर दबाव बढ़ाकर अधिक सीट हासिल करने का कोई मौका नहीं छोड़ेगी।

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने श्रीलंका को हराया-82 रन से जीते, सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम; आशा-अरुंधति को 3-3 विकेट

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को श्रीलंका को 82 रन से हरा दिया। टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। भारत ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 172 रन बनाए और श्रीलंका को 173 रन का टारगेट दिया। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर में 90 रन पर ऑलआउट हो गई।

इस जीत से भारत की सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम हैं। टीम ग्रुप-ए की पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। भारत का अगला मुकाबला 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

हरमनप्रीत कौर प्लेयर ऑफ द मैच

भारत से कप्तान हरमनप्रीत कौर नाबाद 52 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्मृति मंधाना ने 50 और शेफाली वर्मा 43 रन बनाए। मंधाना और शेफाली के बीच पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी हुई। श्रीलंका के लिए चमारी अटापट्टू और अमा कंचना को 1-1 विकेट मिला। स्मृति मंधाना रन आउट हुईं।

श्रीलंका के 7 खिलाड़ी दहाई का आकड़ां नहीं छू सके

श्रीलंका के लिए कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सकी। कविशा दिलहारी ने सबसे ज्यादा 21 रन बनाए। अनुष्का संजीवनी 20 और अमा कंचना ने 19 रन का योगदान दिया। इन तीन खिलाड़ियों के अलावा कोई और दहाई का आकड़ां नहीं छू सका। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और आशा शोभना ने 3-3 विकेट चटकाए। रेणुका सिंह ने दो विकेट लिए। दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को 1-1 विकेट मिला।

आज दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा का अनावरण

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ रियासत के राजा व क्षेत्र के जननायक पूर्व सांसद व विधायक राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनावरण को लेकर जारी तमाम कवायदों पर नवरात्रि पर्व के दुर्गाष्टमी के दिन गुरुवार 10 अक्टूबर की दोपहर को पूरी तरह से विराम लग जाएगा।

जब लोगों की जनभावनाओं के अनुरूप विजयादशमी पर्व से पहले खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में अनावरण होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय करेंगे वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू व जिपं सभापति व कांग्रेस नेता विप्लव साहू मौजूद रहेंगे। नपा अध्यक्ष के रूप में गिरजा चंद्राकर के मनोनयन बाद आयोजित नपा परिषद की विशेष बैठक में प्रभारी मंत्री के हाथों दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की

जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के हाथों होगा अनावरण

प्रतिमा अनावरण संबंधी पारित प्रस्ताव अनुसार कार्यक्रम तय किया गया है। कांग्रेस शासन काल में राजा देवव्रत सिंह के निधन के बाद लोगो के बीच उनकी लोकप्रियता और आमजनों की भावनाओं को देखते हुए 25 लाख रुपयों की स्वीकृति मिली थी और नगर पालिका परिषद को कार्य एजेन्सी बनाया गया था।

काफी राय मशवरे के बाद स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी हुई और सिविल लाइन दुर्गा चौक में स्थल पर प्रतिमा स्थापित कर दी गई,लेकिन विधान सभा चुनाव फिर लोक सभा चुनाव के कारण अनावरण का कार्यक्रम बाधित होता रहा। इस लेट लतीफी को लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती को बैठक, हस्ताक्षर अभियान और 4 अक्टूबर को दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के परिजनों सहित कांग्रेसियों व नगरवासियों द्वारा कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा को ज्ञापन में दशहरे से पहले अनावरण नहीं किए जाने पर दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के पुत्र प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया गया। स्थल चयन, चबूतरा, लाइटिंग, गार्डनिंग सहित तमाम प्रक्रिया पूरी करने के बाद चयनित तत्कालीन राजा आर्यव्रत सिंह के द्वारा विजयादशमी के दिन जनता-जनार्दन के साथ अनावरण कराने की चेतावनी देने से कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की पहल पर नगर पालिका हरकत में आया और आनन फानन में प्रभारी मंत्री से समय लेकर उक्त अनावरण कार्यक्रम तय किया गया।

'सालभर से कपड़े में लिपटी दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की मूर्ति का अनावरण गुरुवार को दूर्गाष्टमी को होने जा रहा है' सालभर से सिविल लाइन चौक मे कपड़ो मे लिपटी हुई राजा देवव्रत सिंह की आदमकद प्रतिमा के अनावरण को लेकर कांग्रेसियो ने बैठक मे निर्णय लिया कि दशहरे तक यदि प्रशासन प्रतिमा अनावरण को लेकर उचित फैसला नही ले पाती, तो दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के पुत्र आर्यव्रत के हाथो प्रतिमा का अनावरण कराया जाएगा।

दुनिया की सबसे छोटी मां दुर्गा की प्रतिमा

भिलाई (दावा)। छोटी मूर्ति बनाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने इस नवरात्रि पर मां दुर्गा की दुनिया में सबसे छोटी मूर्ति बनाई है। 24 हाथों वाली शेर पर सवाल महिषासुर मर्दनी की यह नयनाभिराम प्रतिमा मात्र एक सेन्टीमीटर छोटी है जिसे उंगली के नाखून पर रखकर फोटो लिया गया है। संगमरमर पत्थर को तराशकर बनाए गए इस सूक्ष्मतम कलाकृति में कलाकार ने दो राक्षस, एक भैंस, एक शेर तथा माता के हाथो में विभिन्न अस्त्र-शस्त्रों को बड़े ही करीने से तराशा है। सूक्ष्म मूर्ति बनाने के लिए मूर्तिकार अंकुश को पहले ही लिम्का बुक ऑफ द रिकॉर्ड का एवार्ड प्राप्त है। इस दुनिया की सबसे छोटी मां दुर्गा की प्रतिमा को बनाकर उन्होंने लोगों से अपील की है कि देश में पीने योग्य जल की निरंतर कमी को देखते हुए मूर्तियों को छोटा ही बनायें और उसका विसर्जन समुद्र, नदी या तालाबों में न करें।

उन्होंने गांव और नगर निकायों से भी अपील की है कि वे इन प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अलग से कुंड बनवायें तत्पश्चात उसे पाट दें, ताकि जल प्रदूषित न हो। ज्ञात हो कि भारत

में पीने योग्य जल की कमी पर वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने भी गहरी चिंता जताई है। वहीं अनेक बुद्धिजीवी तो यहां तक कहते हैं कि अगला विश्व युद्ध यदि होता है तो वह जल के लिए ही होगा। मूर्तिकार अंकुश देवांगन सिर्फ छोटी मूर्तियां ही नही बनाते बल्कि बड़ी से बड़ी मूर्तियां बनाने के लिए भी जाने जाते हैं। छत्तीसगढ़ के दल्ली राजहरा में उन्होंने छः मंजिली इमारत जितना विशाल कृष्ण-अर्जुन-भीष्म पितामह का रथ बनाया है जिसे दुनिया के सबसे बड़े लौहरथ के रूप मे लिम्का बुक में लिया गया है।

इसके अलावा देश के अनेक शहरो में उनके द्वारा बनाई गई एक से बढ़कर एक कलाकृतियाँ विद्यमान है। उनके कला की विशेषता है कि वे चार-छह मंजिल इमारत जितनी ऊंची और भव्य होती है। भिलाई शहर के सिविक सेंटर में कृष्ण-अर्जुन रथ, छोटा परिवार चौक, रूआबांधा का पंथी चौक, बोरिया गेट का प्रधानमंत्री ट्राफी चौक, भिलाई निवास का नटराज, सुनीति उद्यान सेक्टर 8 का एथिक्स पार्क, सेक्टर 1 का श्रमवीर चौक उनके द्वारा बनाई गई कालजयी कलाकृतियां है।

कोपेडीह में ग्राम सभा की बैठक सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपेडीह में आज ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की बैठक में ग्राम पंचायत कोपेडीह के द्वारा कल्याणी इस्पात लिमिटेड कंपनी को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को निरस्त करने हेतु ग्राम सभा का आयोजन रखा गया था। ग्राम सभा की बैठक में समस्त ग्रामवासियों द्वारा निर्णय लिया गया कि कंपनी नहीं खुलना चाहिए और जो ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए गया है, उन्हें निरस्त करने का दूसरी बार निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। ग्राम सभा की बैठक में मुख्य रूप से सरपंच यमुना (वीणा) साहू, मदन साहू, विनोद साव, चंद्रकांत साहू, तीरथ साहू, अहिल्या बाई, श्रीराम साहू, लेखराम साहू, चुनेश्वर साहू, कलीराम साहू पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पटेल पारा में विराजित सब्जियों की देवी हैं मां शाकम्भरी

खैरागढ़ (दावा)। इन दिनों शहर में नवरात्रि पर्व की धूम है, नवरात्र के नौ दिनों में नवगठित जिला केसीजी में गांवों से लेकर शहर के छोटे-छोटे मोहल्लों में मां जगदम्बा, दुर्गा, संतोषी व सरस्वती माता अलग-अलग रूप में विराजमान हैं। शहर के मुख्य मार्ग पटेल पारा में मां शाकम्भरी रूप में विराजमान हैं। संभवतः प्रदेशभर में खैरागढ़ में ही मां शाकम्भरी की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से की जाती है। दरअसल, मान्यताओं के अनुसार मां शाकम्भरी सब्जियों की देवी हैं। इसलिए उन्हें नौ दिनों तक नित्य हरी सब्जियों का ही भोग लगाया जाता है। देवी पुराण, शिव पुराण और धार्मिक ग्रन्थों के अनुसार हिरण्याक्ष के वंश में एक महा दैत्य रुरु था। रूरू का एक पुत्र हुआ दुर्गम।

दुर्गमासुर ने ब्रह्माजी की तपस्या करके चारों वेदों को अपने अधीन कर लिया। वेदों के ना रहने से समस्त क्रियाएं लुप्त हो गई। ब्राह्मणों ने अपना धर्म त्याग कर दिया। चौतरफा हाहाकार मच गया। ब्राह्मणों के धर्म विहीन होने से यज्ञादि अनुष्ठान बंद हो गए और देवताओं की शक्ति भी क्षीण होने लगी। जिसके कारण एक भयंकर अकाल पड़ा। किसी भी प्राणी को जल नहीं मिला जल के अभाव में वनस्पति भी सूख गई। अतः भूख और प्यास से समस्त जीव मरने लगे। ''रखते हैं शुद्धता का ध्यान'' मां शाकम्भरी सेवा समिति के महेश पटेल, मनीष पटेल सहित अन्य ने बताया कि नौ दिनों तक मां शाकम्भरी की पूजन की जाती

भोग में चढ़ती है हरी सब्जीयां

है। जिसमें शुद्धता का पूरा ध्यान रखा जाता है।

"खैरागढ़ में शाक-सब्जियां से माता की प्रतिमा बनाई गई"

महामाया पार्वती जिन्हें महेशनी, भुवनेश्वरी के नाम से जाना जाता है, दुर्गमासुर की देवों से भयंकर लड़ाई हुई। जिसमें देवताओं की हार हुई। अतः दुर्गमासुर के अत्याचारों से पीड़ित देवता शिवालिक पर्वतमालाओं में जगदम्बा का ध्यान, जप, पूजन और स्तुति करने लगे। उनके द्वारा जगदम्बा की स्तुति करने पर महामाया मां पार्वती जो महेशानी, भुवनेश्वरी नामों से प्रसिद्ध है आयोनिजा जिसके कोई माता-पिता ना हो, रूप में प्रकट हुई। शरीर से प्रकट हुए शाक समस्त सृष्टि की दुर्दशा देख जगदम्बा का हृदय पसीज गया और उनकी आंखों से आंसुओं की धारा प्रवाहित होने

लगी। मां के शरीर पर सौ नैत्र प्रकट हुए। शत नैना देवी की कृपा से संसार में महान वृष्टि हुई और नदी, तालाब जल से भर गए। देवताओं ने उस समय मां की शताक्षी देवी नाम से आराधना की। शताक्षी देवी ने एक दिव्य सौम्य स्वरूप धारण किया। चतुर्भुजी मां कमलासन पर विराजमान थी। अपने हाथों में कमल, बाण, शाक फल और एक तेजस्वी धनुष धारण किए हुए थी भगवती परमेश्वरी ने अपने शरीर से अनेकों शाक प्रकट किए।। जिनको खाकर संसार की क्षुधा शांत हुई। समिति के सदस्य पूजा करते हैं।

"दुर्गमासुर के साथ हुआ मां शाकम्भरी का युद्ध"

माता ने पहाड़ पर दृष्टि डाली तो सर्वप्रथम सराल नामक कंदमूल की उत्पत्ति हुई। इसी दिव्य रूप में मां शाकम्भरी देवी के नाम से पूजित हुई। इसके बाद वह दुर्गमासुर को खिशने के लिए सुंदर रूप धारण कर शिवालिक पहाड़ी पर आसन लगाकर बैठ गई। जब असुरों ने पहाड़ी पर बैठी जगदम्बा को देखा तो उनको पकड़ने के विचार से आये। स्वयं दुर्गमासुर भी आया तब देवी ने पृथ्वी और स्वर्ग के बाहर एक घेरा बना दिया और स्वयं उसके बाहर खड़ी हो गई। दुर्गमासुर के साथ देवी का घोर युद्ध हुआ अंत में दुर्गमासुर मारा गया।

वैज्ञानिक दल ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र की तिलहन फसल प्रदर्शन का निरीक्षण

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा गांधी कृषि वि.वि. रायपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगाँव के द्वारा डॉ. गिरीश चंदेल (कुलपति इंदिरा गाँधी कृषि वि.वि. रायपुर) एवं डॉ. एस. आर. के. सिंह (जोनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर) अटारी जबलपुर के सफल संरक्षण व निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ एस. एस. टूटेजा के निर्देशानुसार एवं डॉ. गुंजन झा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख के मार्गदर्शन में तिलहन फसलों कि उन्नत किस्मों एवं उन्नत फसल उत्पादन तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं आदर्श तिलहन ग्राम परियोजना के तहत चयनित ग्राम मदराकुही विकासखंड खैरागढ़ जिला (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) एवं ग्राम खपरी कला राजनांदगाँव में 300 एकड़ क्षेत्र में सोयाबीन फसल प्रदर्शन लगाया गया है।

फसल प्रदर्शन के निरीक्षण व अवलोकनार्थ निदेशक विस्तार सेवाएं इंदिरा गाँधी कृषि वि.वि. रायपुर के द्वारा तीन सदस्य सहित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर से एक वैज्ञानिक का निरीक्षण दल गठित किया गया था। निरीक्षण दल में इं.गाँ.कृ। वि.वि. रायपुर से डॉ.डी.पी. पटेल, डॉ. मनोज चंद्राकर एवं डॉ. द्विवेदी प्रशाद व भा. कृ. अनु. परि. दृअटारी जबलपुर से डॉ. रंजीत सिंह थे।

उक्त निरीक्षण दल के द्वारा दिनांक 05 अक्टूबर 2024 को प्रदर्शन सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं आदर्श तिलहन ग्राम परियोजना के तहत चयनित ग्राम मदराकुही विकासखंड खैरागढ़ जिला (खैरागढ़-छुईखदान- गंडई) एवं ग्राम खपरी कला राजनांदगांव में सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ग्राम मदराकुही में सोयाबीन फसल प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने कृषकों की विभिन्न समस्याओं को जाना व कृषको की आय मे वृद्धि हेतु तिलहन फसलों की नवीन किस्में, उन्नत कृषि तकनीक व यंत्रीकरण को अपनाने को अपनाने की सलाह दी साथ ही साथ शास उच्च माध्य शाला मदराकुही परिसर मे एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत आम की केसर किस्म के पौधों का वृक्षारोपण भी किया। निरीक्षण दल के द्वारा कृषको के प्रक्षेत्र में लगी सोयाबीन फसल प्रदर्शन की सराहना कर कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगाँव के वैज्ञानिको बधाई दी गई।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

मोहला (दावा)। नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को 2 साल की अवधि पूर्ण होने पर आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। संस्था प्रमुख आईएसओ द्वारा जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी को प्रमाण पत्र जारी करते हुए शुभकामनाएं दिया गया है।

CERTIFICATE
OFFICE OF THE COLLECTOR MOHLA MANPUR AMBAGARH CHOWKI
ISO 9001:2015
Director
IAF

नवीन जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी में शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन, कानून व्यवस्था, आम जनता से जुड़े हुए कार्यों का निष्पादन, राजस्व वसूली में बेहतर कार्य करने के लिए यह प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। आईएसओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र को अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले ने आज कलेक्टर एस जयवर्धन को भेंट कर शुभकामनाएं दिया। इस दौरान जिला कार्यालय के सभी अधिकारी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मां बम्लेश्वरी मंदिर में स्वचालित पर्दा लगा

डोंगरगढ (दावा)। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धर्मस्थल ऊपर बम्लेश्वरी देवी जी एवं छोटी बम्लेश्वरी देवी जी के गर्भगृह में डोंगरगढ़ के प्रतिष्ठित पटेल परिवार के युवा सदस्य अल्पेश भाई रमेश भाई पटेल द्वारा स्वचलित (आटोमेटिक) पर्दा लगाने हेतु 63111 रूपया की राशि दान की गयी है।

समय सीमा के लंबित पत्रों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करें-कलेक्टर

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा के पत्रों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित पत्रों के निराकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं मुख्यमंत्री जन चौपाल के माध्यम से प्राप्त पत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित तिथि 21 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों के निराकरण में अनावश्यक विलंब ना करें। कलेक्टर ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने की दिशा में मातृ वंदन योजना संचालित किया जा रहा है, जिले के ऐसी महिलाएं जो पात्रता रखती हो और जिन्होंने पूर्व में पंजीयन कराया हो ऐसे हितग्राहियों को योजना अंतर्गत लाभान्वित

- मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें
- मातृ वंदन योजना से छूटे हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करें
- छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत बच्चों का सिकलसेल एवं एनीमिया जांच करें

करने के निर्देश दिए हैं।

जिले के अंतर्गत सिकलसेल एवं एनीमिया को जड़ से खत्म करने के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी छात्रावास, आश्रम एवं विद्यालय व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में इसकी जांच किया जाए। छात्र-छात्राओं में इसका लक्षण पाये जाने पर समुचित उपचार करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विस्तार बढ़ाने के उद्देश्य से रेड क्रॉस सोसाइटी के अंतर्गत सदस्यता अभियान चलाने कहा है। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि देयकों के भुगतान निर्धारित टीडीएस कटौती एवं जीएसटी कटौती उपरांत ही करें। निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए समस्त देयकों का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग प्रमुख अधिकारियों को पारदर्शी भुगतान करने एवं भुगतान पूर्व देयकों की जांच करने कहा गया है। जिले में चल रहे हैं विभागीय निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि संबंधित निर्माण कार्य को निर्धारित गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करें। आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती के लिए भर्ती प्रक्रिया शीघ्र करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के प्रशिक्षण एवं ऋण स्वीकृति के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। आगामी खरीफ सीजन के अंतर्गत धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लिया जाये। धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता के साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करें, साथ ही अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमति प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में दिग्विजय महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपलब्धियां

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विगत पांच वर्षों में अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ाया है। इन वर्षों में 10 शोध परियोजना के माध्यम से प्राध्यापकों को देश के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों, भारत निर्वाचन आयोग तथा राज्य योजना आयोग एवं आईसीएसएसआर जैसे दूसरे फंडिंग एजेंसियों से 70 लख रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है। इनमें से कई शोध परियोजना के अंतिम रिपोर्ट फंडिंग एजेंसियों एवं विभिन्न आयोगों को भेजी जा चुकी है और कुछ शेष शोध परियोजना पर अभी शोध व अनुसंधान जारी है। एक शोध परियोजना की अंतिम रिपोर्ट एक दिन पूर्व भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को भेजी गई है।

यह गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग से महाविद्यालय को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में दुर्ग संभाग के 20 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं का इंडलाइन सर्वे हेतु 6 लाख 80 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। इस इंडलाइन सर्वे में दुर्ग संभाग के मतदाताओं के ज्ञानए अभिवृत्तिए दृष्टिकोण एवं व्यवहार पर शोधपरक अध्ययन करना था तथा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करना था। इस शोध परियोजना की विशेष बात यह थी कि इसे दो माह की अल्प अवधि में पूर्ण करने की अनिवार्यता थी और भारत निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजने थी।

इस अल्पावधि में 20 विधानसभा के मतदाताओं के ज्ञानए अभिवृत्तिए दृष्टिकोण एव व्यवहारों का शोध प्रविधि को ध्यान में रखते हुए उत्तरदाताओं तक संपर्क स्थापित करनाए उनसे प्राप्त उत्तरों को प्रश्नावली में लिपिबद्ध करना, एस.पी.एस.एस. सॉफ्टवेयर में डाटा फिड करना, डाटा विश्लेषण करना और विस्तृत अंतिम रिपोर्ट तैयार करना. एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य थाए लेकिन महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने इस चुनौती को न सिर्फ स्वीकार किया बल्कि समय पर रिपोर्ट तैयार करके भारत निर्वाचन आयोग को निर्धारित समयावधि में प्रेषित करने का साहस भी किया। इस भागीरथी प्रयास में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डी.पी. कुर्रे, इस शोध परियोजना के मुख्य अन्वेषणकर्ता डॉ.त्रिलोक कुमार एवं सह.मुख्य अन्वेषणकर्ता डॉ. सोनल मिश्रा की प्रमुख भूमिका रही। रसायन शास्त्र विभाग के प्राध्यापक प्रोण् युनूस रजा बेग, डॉ.अश्वनी कुमार शर्मा एवं वाणिज्य विभाग के प्रो.संजय देवांगन की पर्यवेक्षक के रुप में भूमिका भी काफी सराहनीय रही थी। महाविद्यालय के रिसर्च प्रोन्नत समिति के संयोजक डॉ.डी.पी.कुर्रे ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह कहा कि महाविद्यालय अब रिसर्च के क्षेत्र में भी पीछे नहीं है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर ने इस शोध परियोजना के पूर्ण होने पर खुशी जतायी और इससे जुड़े पर प्राध्यापक डॉ.डी.पी. कुर्रे, डॉ.त्रिलोक कुमार एवं डॉ.सोनल मिश्रा को इस उपलब्धि के लिये बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जीवनदीप के कर्मचारियों को नौ माह से नहीं मिला वेतन

मोहला (दावा)। मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी जिला के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत समस्त जीवन दीप कर्मचारियों को 9 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसके संबंध में आज मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी के जिला कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पुनः स्मरण पत्र दिया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने जल्द से जल्द वेतन भुगतान करवाने की मांग की कर्मचारियों का कहना है की अगर जल्द से जल्द वेतन भुगतान नहीं किया गया तो सभी कर्मचारियों के द्वारा आंदोलन किया जायेगा, चक्काजाम किया जायेगा।

चक्काजाम करने की दी चेतावनी

कर्मचारियों का कहना है की पिछले कई महीनों से वेतन नहीं दिया जा रहा है जिससे उनके स्थिति बहुत ही दयनीय हो गयी है इस सबंध मे पहले भी छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी प्रकोष्ठ संघ प्रदेश सचिव विरेंद्र कुमार साहू के द्वारा पत्र क्रमांक/2024/68/ दिनांक 26/8/2024 को इस संबंध मे कलेक्टर जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को पत्र प्रेषित कर भुगतान करने हेतु अनुरोध किया गया था। जिसके फलस्वरूप कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ क्रमांक/मु.चि.अ/2024-25/2237 मोहला, दिनांक 04/09/2024 के अनुसार समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी को भुगतान करने हेतु आदेशित किया गया था उसके बाद भी आज दिनांक तक भुगतान नही किया गया है। जिससे सभी जीवन दीप कर्मचारी आक्रोशित है कर्मचारियों का कहना है की 3-4 हजार रुपए वेतन दिया जाता है, उसे भी समय पर नहीं दिया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी प्रकोष्ठ संघ के जिला अध्यक्ष पुजारी लाल साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती बेला बाई, सचिव भूतेश्वर ठावरे एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

स्थानांतरण पर हाईकोर्ट का फैसला : कहा- यदि बहुत जरूरी ना हो तो शिक्षा सत्र के बीच में ना हो ट्रांसफर

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि, यदि शासकीय कर्मचारी और अधिकारियों के बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, स्थानांतरण ना किया जाए। एक स्टाफ नर्स सरस्वती साहू की याचिका पर फैसला सुनाया है। जिसमें याचिकाकर्ता के दो बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। पढ़ाई के बीच में किए गए ट्रांसफर पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच ने अपने फैसले में लिखा है कि, यदि बहुत जरुरी ना हो तो शैक्षणिक सत्र के बीच में ऐसे कर्मचारी व अधिकारी जिनके बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, स्थानांतरण ना किया जाए।

यह है पूरा मामला...

दरसअल, सरस्वती साहू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपरछेड़ी, बालोद जिले में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत है। उनका डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल, रायपुर में ट्रांसफर कर दिया था। जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच में याचिकाकर्ता के वकील संदीप दुबे ने कोर्ट को बताया कि, याचिकाकर्ता स्टाफ नर्स के दो पदों में से वर्तमान पदस्थापना स्थान पर कार्यरत एकमात्र स्टाफ नर्स है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बालोद ने 7 अक्टूबर को संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय को पत्र लिखा है. जिसमें कहा गया है कि, याचिकाकर्ता के स्थानांतरण के बाद उसके स्थान पर किसी अन्य स्टाफ को नहीं रखा गया है। इससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उचित और सुचारू संचालन प्रभावित हो रहा है।

याचिकाकर्ता के बच्चे कर रहे हैं पढ़ाई

याचिकाकर्ता के दो बच्चे स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बालोद में कक्षा-10 वीं और 6 वीं में पढाई कर रहे हैं। याचिकाकर्ता का ट्रांसफर शैक्षणिक सत्र के मध्य में हुआ है। इसलिए उन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि, याचिकाकर्ता का एक बच्चा कक्षा-10वीं में पढ़ रहा है, जो कि बोर्ड परीक्षा है। अधिवक्ता संदीप दुबे ने स्कूल शिक्षा निदेशक बनाम ओ. करुप्पा थेवन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया, जिसकी रिपोर्ट 1994 एससीसी सप्लीमेंट (2) 666 में दी गई है।

सरकारी वकील ने दी यह दलील

इस मामले में राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी ने कहा कि, याचिकाकर्ता मेडिकल कॉलेज का कर्मचारी है। उसे शिक्षा विभाग में पदस्थ किया गया था। याचिकाकर्ता के अनुरोध पर उन्हें स्वास्थ्य सेवा विभाग में पदस्थ किया गया था। अब उन्हें उनके मूल विभाग में वापस भेज दिया गया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दुबे ने कोर्ट से मांग की है कि, याचिकाकर्ता ने 4 अक्टूबर को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। लिहाजा अभ्यावेदन पर निर्णय होने तक याचिकाकर्ता का स्थानांतरण ना किया जाए।

कोर्ट ने दिया यह फैसला

इस मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच ने अपने फैसले में लिखा है कि, स्थानांतरण करते समय, इस तथ्य को उचित महत्व दिया जाना चाहिए कि, कर्मचारी के बच्चे पढ़ रहे हैं, यदि सेवा की अनिवार्यताएं तत्काल नहीं हैं। इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ कोर्ट ने ट्रांसफर के आदेश पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 10 दिन में नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के दिए निर्देश इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सचिव स्वास्थ्य सेवाएं के समक्ष 10 दिनों की अवधि के भीतर नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यदि याचिकाकर्ता अभ्यावेदन प्रस्तुत करता है, तब सचिव स्वास्थ्य सेवाएं को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को ध्यान में रखते हुए, कानून के अनुसार चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेना होगा। अभ्यावेदन के निराकरण तक स्थानांतरण आदेश पर कोर्ट ने रोक लगा दी है।

राज्य स्थापना दिवस समारोह

राष्ट्रपति हो सकती हैं चीफ गेस्ट, हर दिन एक केंद्रीय मंत्री बुलाने की तैयारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले राज्योत्सव में एक केंद्रीय मंत्री को आमंत्रित करने की तैयारी है। ऐसे में कार्यक्रम के उद्घाटन और समापन के लिए मुख्य अतिथि के नामों पर भी विचार किया जा रहा है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो इस बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बुलाने की योजना बनाई जा रही है। फिलहाल, अभी इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

अफसरों की मानें तो विभागीय स्तर पर प्लान तैयार किया जा रहा है। राज्य में साय सरकार का यह पहला राज्योत्सव होगा, ऐसे में इस आयोजन को भव्य बनाने का विचार किया जा रहा है। हालांकि, इसके ठीक महीनेभर बाद ही बीजेपी सरकार की पहली वर्षगांठ भी बनाई जाएगी। इन सब बातों को ध्यान में रखकर तैयारी की जा रही है। राज्योत्सव के आयोजन में इस बार दीपावली का भी पेंच फंस गया है। देश में इस बार दीपावली 2 अलग-अलग तारीखों पर मनाई जाएगी। कुछ हिस्सों में 31 अक्टूबर को तो कहीं 1 नवंबर को दीपावली मनाए जाने की बात सामने आ रही है। फिलहाल अभी यह भी तय नहीं हो पाया है कि राजधानी में होने वाला मुख्य समारोह कितने दिन का होगा।

कांग्रेस ने सांइस कॉलेज मैदान में था मनाया

उल्लेखनीय है कि, डॉ. रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में राज्योत्सव बेहद ही भव्य तरीके से मनाया जाता था और यह आयोजन 8 से 10 दिन तक चलता था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे 3 से 5 दिन में समेट दिया था। इसी तरह डॉ. रमन सिंह की सरकार में आयोजन नवा रायपुर शिफ्ट कर दिया गया था। लेकिन भूपेश बघेल की सरकार ने फिर से सांइस कॉलेज मैदान में ला दिया था।

5 नवंबर को राज्योत्सव मनाए जाने का दिया गया है निर्देश

ऐसे में बीजेपी सरकार को राज्योत्सव का आयोजन कितने दिन का और कहां करना है यह भी तय करना है। इस बीच चर्चा इस बात की भी है कि, त्योहारों को देखते हुए इस बार आयोजन 4 नवंबर से शुरू होगा। जिलों में 5 नवंबर को राज्योत्सव मनाए जाने का निर्देश पहले ही जारी कर दिया गया है। वहीं एक बार फिर राज्योत्सव को नवा रायपुर शिफ्ट किया जा सकता है।

डॉ. रमन सिंह लोहाणा महाजन वाड़ी के रास गरबा में हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि की सप्तमी पर बुधवार 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह श्री लोहाणा महाजन बाड़ी में चल रहे नवरात्र गरबा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने पूरी भक्ति-भावना के साथ मातारानी की पूजा अर्चना की। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह का श्री लोहाणा महाजन के अध्यक्ष दीपक भाई बुद्धदेव, ट्रस्टी सुरेश पी. कोटक, सुरेश एच. लाल, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीता डी. रायचा, युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु रायचा व अन्य सामाजिकगण ने स्वागत किया। इस अवसर पर रमेश पटेल, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल व राजेश श्यामकर, भावेश बैद उपस्थित थे। उक्त जानकारी सचिव योगेश कोटक व पीआरओ मनीष साहिता ने दी।

बस चालक एवं परिचालक द्वारा किया गया सुरगी पुलिस के साथ वाद विवाद, प्रतिबंधात्मक धारा के तहत हुए गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाने के अंतर्गत आने वाले सुरगी चौकी पुलिस ने आनंद रोडवेज की खराब हो चुकी बस को थाने में लाकर खड़ी किए जाने से उसके चालक व परिचालक पुलिस से उलझ पड़े और अपने बस मालिक का धौंस दिखाकर वाद-विवाद किया। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ नये कानून की प्रतिबंधात्मक धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया है।

बस चालक का नाम देवेंद्र सिंग राजपूत पिता बिसौहा सिंग राजपूत उम्र 45 वर्ष, निवासी गौरीनगर, चर्च के पास व परिचालक का नाम सगीर अहमद खान पिता निसार अहमद खान उम्र 55 वर्ष, निवासी गौरीनगर, दोनो चौकी चिखली पुलिस के निवासी बताए जाते हैं।

सुरगी चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अप.क्र. 363/2024 धारा 281, 125 (ए) (बी), 106 बीएनएसएस के मामले में विवेचना दौरान घटना कारित प्रयुक्त वाहन आनंद ट्रेवल्स के बस क्रमांक सीजी 07, ई 0980 को खराब स्थिति में जप्त किया गया था, बस संचालक द्वारा बस को चलने योग्य नहीं होने बताए जाने से बस संचालक को सुरक्षार्थ नामा में देकर न्यायालय से सुपुर्दनामा करवा लेने का हिदायत देकर सुरक्षित रखवाया गया था, जो कि उक्त बस को बिना न्यायालय से सुपुर्दनामा में लिए अपनी मर्जी से राजनांदगांव से बालोद रोड में चलवा रहा था, जिसकी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में बुधवार 09 अक्टूबर को चौकी प्रभारी उनि. वीरेंद्र मनहर के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा ग्राम हल्दी बाजार चौक में उक्त बस रुकवाकर पुलिस चौकी सुरगी लाया गया। बस को खड़ी करने के बाद चालक एवं परिचालक द्वारा अपने मालिक का धौंस देकर पुलिस वालों के साथ वाद विवाद करने लगा । इससे इनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धारा 170-126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर माननीय तहसील न्यायालय राज. पेश किया गया।

कार्य में लापरवाही व समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने वाले 3 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

राजनांदगांव (दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने आज डोंगरगढ़ विकासखण्ड में संचालित पीएमश्री प्राथमिक शाला डुंडेरा एवं पीएमश्री प्राथमिक शाला कंडरापारा का निरीक्षण किया।

पीएमश्री प्राथमिक शाला कुंडेरा में स्वीकृत वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य का अवलोकन किया एवं संस्था प्रमुख को कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला इंडेरा के सहायक शिक्षक रमेश कुमार सिन्हा तथा माध्यमिक शाला डुंडेरा के गुलजारी लाल सांखरे एवं श्रीमती उमा जनबंधु को अपने कार्य में लापरवाही व समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने के कारण नोटिस जारी किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने छुरिया विकासखण्ड के पीएमश्री प्राथमिक शाला मोरकुटुब का निरीक्षण किया। विद्यालय में चल रहे बालवाड़ी, वाटर हार्वेस्टिंग एवं दीर्घ मरम्मत संबंधी निर्माण कार्य की जानकारी संस्था में उपस्थित शिक्षकों से प्राप्त की व शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

तृतीय फेज में चयनित पीएमश्री मेजेस छुरिया का निरीक्षण किया तथा प्राचार्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दी। डोंगरगांव विकासखण्ड के पीएमश्री प्राथमिक शाला बोधीटोला का निरीक्षण किया तथा स्वीकृत निर्माण कार्य आज पर्यन्त अप्रारंभ स्थिति में पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की तथा पीएमश्री शाला अमलीडीह में स्वीकृत बालवाड़ी का कार्य भी बंद पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की व तत्काल अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव से स्वीकृत पीएमश्री शाला में निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु चर्चा की व चतुर्थ फेज में चयनित पीएमश्री सेजेस डोंगरगांव का भी निरीक्षण किया व प्राचार्य से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

जिला शिक्षा अधिकारी ने किया पीएमश्री स्कूलों का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान समस्त पीएमश्री शालाओं में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या उपलब्ध कक्षों की संख्या, पेयजल की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उपस्थित संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया कि शासन के दिशा निर्देशों का समय सीमा में अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर अपने कर्तव्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करे व शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संस्था प्रमुखों को दिया।

ऑडिटोरियम में उतरा मां आदिशक्ति का स्वरूप, प्रस्तुति देख चकित हुए दर्शक

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्र पर्व पर मां आदि शक्ति की आराधना करते हुए पद्मश्री पंडित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित राज गरबा उत्सव में मंगलवार को मां आदिशक्ति के अद्भुत रंग देखने को मिले। गॉड थीम पर आयोजित गरबा स्पर्धा में प्रतिभागियों ने माता रानी के अलग-अलग स्वरूप में जमकर रास गरबा किया। इस थीम में प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी। जिसे देखकर दर्शन भी चकित हो गए। मानो ऐसा लग रहा था कि ऑडिटोरियम में स्वयं मां आदि शक्ति का स्वरूप गरबा का आनंद ले रहा हो।

गॉड थीम गरबा पर अनेक रूपों में दिखी मां भवानी, कमल अनामिका बने बेस्ट गरबा कपल

श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रास गरबा उत्सव में गॉड पैटर्न पर गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया। गॉड थीम पर आयोजित राज गरबा स्पर्धा में मोनिका ठाकुर, ओमनी बघेल, राशि तोमर, तारिणी लालनी, आयुष अग्रवाल, अहाना हुडा, समृद्धि गुप्ता ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इन सभी प्रतिभागियों को उनकी अद्भुत प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया है। प्रतिभागियों को स्वाति मानकर ममता सोनी, अर्चना दास, अमित मुंद्रा, शारदा तिवारी, माया शर्मा के संयुक्त निर्णायक मंडल के द्वारा पुरस्कृत किया गया है। वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में समाजसेवा का काम करने वाले समाज सेवकों को भी सम्मानित किया गया। आयोजन में श्याम सेवा महिला मंडल, कस्तूरबा महिला मंडल, विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी, डॉ मिथिलेश शर्मा, डॉ. वरुण जैन, राजेश्वर वर्मा, डॉक्टर कविता वर्मा, डॉक्टर विधि मोदी, डॉक्टर मधु भदोरिया, डॉक्टर आरएस भदौरिया, डॉक्टर पुखराज बाफना, जय नारायण सिंह, सुदेश देशमुख, दुष्यंत दास, अतुल रायजादा, सुरेश सोनी, संपादक मयंक चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

निजी मेडिकल स्टोर वाले ने जिला अस्पताल के डॉक्टर को सीएस के चेंबर में ही धमकाया

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर स्थित शासकीय जिला अस्पताल में बुधवार को दोपहर आरएमओ को एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा अस्पताल परिसर में जनऔषधी स्टोर का संचालन करने के लिए डॉक्टर से सीएस के चेंबर में ही दुर्व्यवहार किया गया। अपने इस तरह के अपमान व पूरे मामले से क्षुब्ध हो कर उक्त डॉक्टर ने आरएमओ पद से इस्तीफा दे दिया है। बता दें कि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल महाकालकर के स्थानांतरण के बाद डॉ. महेंद्र को हॉस्पिटल का आरएमओ बनाया गया था, डॉ. महेंद्र सरल भाषी और मिलनसार है,वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा के साथ करते आ रहे है, ऐसे में किसी मेडिकल स्टोर संचालक के द्वारा सीएस के चेंबर में ऑन ड्यूटी डॉक्टर को धमकाना न्यायसंगत नहीं है, ऐसे व्यक्ति के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और ऑन ड्यूटी डॉक्टर को धमकाने को लेकर हॉस्पिटल प्रबंधन को एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए।

जनऔषधि दुकान खोलने को लेकर किया आरएमओ से दुर्व्यवहार

बताते चलें कि एक तरफ डॉक्टरों की भर्ती को लेकर शासन/ प्रशासन आंखे मीचे हुए है। ऐसे में यहां कार्यरत डाक्टरों से बाहरी व्यक्तियों की धौस और दादागिरी चलती रहेगी, तो शासकीय अस्पतालों में ताला लगना संभव हो जाएगा। बहर हाल उक्त मामले को लेकर डाक्टरों में तीव्र आक्रोश बना हुआ है। यदि इस तरह के तत्वों पर कार्रवाई नहीं हुई तो डॉक्टर आंदोलन करने विवश हो जाएंगे। इस ओर तत्काल अस्पताल प्रबंधन द्वारा कड़ा कदम उठाया जाना जरूरी है।

छत्तीसगढ़ जन्म महोत्सव के विजयादशमी महोत्सव की म्युनिसिपल ग्राउंड में चल रही भव्य तैयारी

रावण दहन कार्यक्रम में मलेशिया के तर्ज में मुंबई की आतिशबाजी रहेगा आकर्षण का केंद्र, इंडियन आइडल के फाइनलिस्ट सन्मुख प्रिया के सुनने मिलेंगे मधुरम-मधुरम गीत

राजनांदगांव (दावा)। शहर में विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले सबसे मशहूर रावण वध कार्यक्रमों में से एक छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के दशहरा उत्सव कार्यक्रम की भव्य तैयारी चल रही है। इसके लिए महंत राजा सर्वेश्वरदास स्कूल के विशाल मैदान को भव्य रुप से सजाया जा रहा है। उक्त स्कूल के ठीक सामने आठ फीट के करीब उंचाई वाला विशाल मंच बनाया जा रहा है वहीं गणमान्य अतिथियों व सम्मानित जनों सहित आम लोगों के अलग-अलग बैठने के लिए मैदान को बांस के बेरिकेट से घेरकर व्यवस्था बनाई जा रही है।

छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के सर्वेसर्वा, युवा भाजपा नेता सौरभ कोठारी ने बताया कि म्युनिसिपल स्कूल मैदान में इस बार भी रावण दहन का जोरदार कार्यक्रम आयोजित है जिसकी भव्य तैयारी की जा रही है। अश्विनी शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 12 अक्टूबर शनिवार को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य रुप से रावण दहन का कार्यक्रम होगा। इस बार इस भव्य आयोजन में मुंबई से आई टीम द्वारा मलेशिया के तर्ज पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी जो सबसे हटकर और अलग तरह का आकर्षण बनाए हुए रहेगा। वहीं लोगों के मनोरंजन के लिए इस बार इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट गायिका सन्मुख प्रिया को उनके आर्केस्ट्रा टीम के साथ बुलाया जा रहा है। जिनके समधुर आर्केस्ट्रा के साथ मधुरम- मधुरम गीत आकर्षक के केंद्र बने रहेंगे।

दुर्ग में बनाया जा रहा रावण के विशाल पुतले, 2 दिन पहले कार्यक्रम स्थल में होगा स्थापित

डॉ. रमन सिंह होंगे मुख्य अतिथि

भाजपा के युवा नेता श्री कोठारी ने बताया कि शहर में भव्य रूप से आयोजित रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के लोक प्रिय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे एवं अन्य अतिथिगण शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि रावण दहन के इस भव्य आयोजन में लगभग 50 हजार से अधिक दर्शक आने की संभावना है। इस हिसाब से आयोजन की भव्य तैयारियां की जा रही है। आयोजन स्थल म्युनिसिपल स्कूल मैदान में दर्शकों के बैठने के लिए बैरिकेट से घेरने का काम शुरू हो गया है। बैठने के लिए बड़ी संख्या में कुर्सियां मंगाई गई है। मैदान में विशाल मंच बनाया जा रहा है। रावण दहन के कार्यक्रम में एहतियातन की दृष्टि से लोगों पर नजर रखने के लिए चारों तरफ को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा रहा है। ताकि लोगों की एक-एक हरकत पर नजर रखी जा सके। वहीं गणमान्य अतिथियों व सम्मानित जनों सहित आम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए कार्यक्रम स्थल में गार्ड आदि की व्यवस्था की गई है।

श्री कोठारी ने बताया कि लोगों को तकलीफ ना हो इसलिए समिति के द्वारा अलग-अलग गेट का अलग-अलग पास दिया जा रहा है ताकि लोग आसानी से अंदर आ सके। भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल में जगह बेरिकेट लगाया जा रहा है ताकि लोग बेवजह इधर से उधर न आ- जा सके और आराम से अपने स्थान पर बैठकर कार्यक्रम का आनंद उठा सके। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उमड़ने वाली भीड़ के चलते दूर बैठे दर्शको के लिए बड़े-बड़े प्रोजेक्टर लगाए जा रहे है ताकि लोग आगे आने की हड़बड़ी न कर दूर से ही उक्त प्रोजेक्टर में रंगारंग कार्यक्रम देखकर आनंद उठा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com